



राष्ट्र एवं राज्य के प्रगति पथ पर...

रायपुर एवं दुर्ग से प्रकाशित

# समय दर्शन

ESTD : Since 2011

संस्थापक : स्व. श्रीमती निलिमा खड़तकर

निष्पक्ष निर्भीक खबरों के साथ






वर्ष 14, अंक 308 पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रूपये | दुर्ग, बुधवार 17 सितम्बर 2025 | www.samaydarshan.in





## संक्षिप्त समाचार

### तेजस्वी यादव ने सीएम नीतीश कुमार से पूछा सवाल

**पटना।** बिहार विधानसभा में विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव ने जाले विधायक और मंत्री जीवेश मिश्रा और उनके समर्थकों पर कथित रूप से एक यूट्यूबर की पिटाई और अभद्र व्यवहार करने को लेकर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से सवाल किया। उन्होंने पूछा कि अब तक इस मामले में कार्रवाई क्यों नहीं की गई पटना में सोमवार को एक प्रेस वार्ता में उन्होंने कहा कि आज प्रधानमंत्री बिहार आ रहे हैं, और मुझे उम्मीद है कि मंत्री जीवेश मिश्रा पर कार्रवाई होगी, जिन्होंने सवाल पूछने पर एक पत्रकार से अभद्र व्यवहार किया। उन्होंने उम्मीद जताई है कि उन्हें राज्य मंत्रिपरिषद से हटाकर जेल भेजा जाएगा। क्या प्रधानमंत्री सिर्फ वोट के लिए यहां आ रहे हैं? क्या यह 'जंगलराज' नहीं है? अगर यह जंगलराज नहीं है तो क्या है उन्होंने आरोप लगाया कि इस मामले की एफआईआर तक दर्ज नहीं की गई है। मामले को रफा-दफा करने की कोशिश की जा रही है।

### एनसीआर में गैंगस्टर्स के 25 ठिकानों पर छापेमारी

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने सुबह तड़के दिल्ली और हरियाणा समेत पूरे एनसीआर में गैंगस्टर्स व उनके गुर्गों के 25 ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की। इस ऑपरेशन में 25 टीमों के साथ करीब 380 पुलिसकर्मी शामिल रहे। छापेमारी के दौरान पुलिस ने कई लग्जरी गाड़ियां जैसे मर्सडीज और ऑडी बरामद की हैं। इसके अलावा भारी मात्रा में नकदी, महंगी घड़ियां और अवैध हथियार भी मिले हैं। शुरुआती जानकारी के अनुसार, पुलिस को 40 लाख रुपये से अधिक की नकदी बरामद हुई है। पुलिस का कहना है कि यह कार्रवाई दिल्ली-एनसीआर में सक्रिय गैंगस्टर्स की आर्थिक कमर तोड़ने और उनके नेटवर्क को ध्वस्त करने के लिए की गई है। फिलहाल सर्च ऑपरेशन जारी है और बरामदगी से जुड़े मामलों की जांच की जा रही है।

### झारखंड में सुरक्षाबलों ने 3 माओवादियों को ढेर किया

**रांची।** झारखंड में नक्सल विरोधी अभियान के तहत सुरक्षा बलों को बड़ी सफलता मिली है। हजारीबाग के गिरहोर थाना क्षेत्र स्थित पनतीतरी जंगल में सुबह हुई मुठभेड़ में एक करोड़ का इनामी माओवादी सहदेव सोरेन समेत तीन नक्सली ढेर हो गए। यह इलाका बोकारो और गिरिडीह जिले की सीमा से सटा हुआ है। जानकारी के अनुसार कोबरा बटालियन, गिरिडीह और हजारीबाग पुलिस की संयुक्त टीम को सूचना मिली थी कि सहदेव सोरेन किसी बड़ी नक्सली घटना

---

### दून घाटी में प्रकृति का कहर

# रात सोए.....सुबह दिखा खौफनाक मंजर घर-सड़कें बहीं, 15 जिंदगियां हुईं दफन


देहरादून/ एजेंसी

राजधानी देहरादून में मंगलवार की रात बारिश कहर बनकर बरसी। दून घाटी के सहस्त्रधारा में बादल फटने से तबाही मच गई। यहां कई संपत्तियां नष्ट हुई और लोग लापता हो गए। कई नदियां ऊफान पर आई तो अपने साथ लोगों को बहाकर ले गईं। मालदेवता से ऊपर एक गांव में मकान गिर गया जिसमें आठ लोग दब गए। शाम तक कुल 15 लोगों के शव अलग-अलग जगहों से बरामद हुए। प्रेमनगर नंदा की चौकी के पास दशकों पुराना पुल टूट गया जिससे यातायात पूरी तरह बंद हो गया। इसके अलावा कई और छोटे-बड़े पुलों को नुकसान पहुंचा। इससे भी आवाजाही बाधित हो गई। प्रसिद्ध टपकेश्वर मंदिर और जामुनवाला स्थित एकादश हनुमान मंदिर को बड़ा नुकसान हुआ। पर्यटक स्थल गुच्चू पानी में सरकारी और निजी कई संपत्तियां पूरी व आंशिक रूप से नष्ट हो गईं। मालदेवता क्षेत्र में भी व्यापक स्तर पर नुकसान हुआ। देहरादून और आसपास के इलाकों में सोमवार शाम से ही बारिश हो रही थी। देर रात तक बारिश की तीव्रता बढ़ी तो नुकसान की खबरें आने लगीं। अतिवृष्टि ने दून घाटी में हर जगह तबाही मचाई। शहर के बीचोंबीच डालनवाला का रिस्पना नदी से सटा इलाके में भारी नुकसान हुआ। यहां मोहिनी रोड पर बना पुल क्षतिग्रस्त हो गया। देर रात करीब एक बजे सहस्त्रधारा क्षेत्र में



बादल फट गया जिससे पानी दर्जनों इमारतों को अपनी चपेट में ले लिया। क्षेत्र में कुल चार लोग बह गए। इनमें से तीन के शव शाम तक बरामद हो गए। सबसे ज्यादा जान का नुकसान झाझरा क्षेत्र में आसन नदी में हुआ। यहां खनन कार्य में लगे 16 मजदूर ट्रैक्टर समेत बह गए। अलग-अलग जगहों से शाम तक इनमें से आठ लोगों के शव बरामद कर लिए गए थे। दो लोग घायल भी हुए और छह लोग शाम तक लापता बताए गए। उधर, मालदेवता से करीब सात किलोमीटर ऊपर फुल्लेट गांव में एक मकान गिरने से वहां आठ लोग दब गए। ग्रामीणों ने दो लोगों के शव तो निकाल लिए। शाम तक पुलिस और अन्य बचाव दल गांव तक पहुंचने की जद्दोजहद में लगे थे। मालदेवता के पास टिहरी क्षेत्र को जोड़ने वाले पुल की अप्रोच रोड पानी में बह गई। प्रसिद्ध टपकेश्वर मंदिर में कुछ साल पहले स्थापित की गई बड़ी पीतल की प्रतिमा बह गई। मंदिर के गर्भगृह तक पानी पहुंचा और शिवलिंग तक डूब गया। जामुनवाला स्थित एकादश मुखी हनुमान मंदिर परिसर भी आधे से ज्यादा पानी में बह गया। मुख्य मंदिर भी खतरे की जद में आ गया। शाम तक बचाव दलों ने कुल 70 लोगों को अलग-अलग जगहों से सुरक्षित निकाल लिया था। वहीं, आसन नदी में अचानक तेज बहाव में कई लोग फंस गए थे। इनमें से एक युवक वहां बिजली के खंभे पर चढ़ गया। मौके पर एनडीआरएफकी टीम पहुंची और को खंभे से उतारा।

#### जान बचाने के लिए लोग बिजली के खंभों पर चढ़ गए, देहरादून में दिखा ऐसा खौफनाक मंजर



बादल फटे, नदियों ने विकराल रूप लिया और देहरादून दहल उठा। इतनी तेज़ बारिश कि लोग कुछ समझ ही नहीं पाए। चारों ओर पानी ही पानी, सड़कें बह गईं, घरों में कीचड़ भर गया, और कई ज़िंदगियां पल भर में थम गईं। हालत इतनी बेकाबू हो गई कि लोग जान बचाने के लिए बिजली के खंभों पर चढ़ गए। जमीन पर पानी ही पानी देख हर कोई सहम गया।देहरादून के प्रेमनगर, ठाकुरपुर, सहस्त्रधारा, मालदेवता जैसे इलाकों में बादल फटने के बाद ऐसा खौफनाक मंजर सामने आया, जिसने सभी को झकझोर कर रख दिया। आपदा में 10 लोगों की मौत की पुष्टि हो चुकी है और कई अभी भी लापता हैं। एनडीआरएफकी टीमों ने रेस्क्यू कर कई जिंदगियों को मौत के मुंह से बाहर निकाला। बादल फटने से आई बाढ़ में लोग इतने डर गए कि जान बचाने के लिए बिजली के खंभों पर चढ़ गए। कोई छत पर था, कोई पेड़ पर, और कोई खंभे पर लटक गया। ताकि पानी का बहाव उन्हें साथ न ले जाए।

---

### गैरकानूनी बेटिंग एप मामले में

# क्रिकेटर युवराज सिंह और रॉबिन उथप्पा को ईडी का समन मिला

नई दिल्ली/ एजेंसी



प्रवर्तन निदेशालय ने पूर्व भारतीय क्रिकेटर युवराज सिंह और रॉबिन उथप्पा को पूछताछ के लिए तलब किया है। उथप्पा को 22 सितंबर और युवराज को 23 सितंबर को दिल्ली स्थित ईडी मुख्यालय में पेश होने के लिए कहा गया है। यह मामला ऑनलाइन सट्टेबाजी एप से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस से संबंधित है। उथप्पा फिलहाल एशिया कप 2025 की कमेंट्री टीम का हिस्सा हैं। दिल्ली में इस केस में अब तक चार पूर्व भारतीय क्रिकेटर तलब किए जा चुके हैं। इससे पहले, इस मामले में संघीय एजेंसी ने पूर्व भारतीय क्रिकेटर सुरेश रैना और शिखर धवन से भी पूछताछ की थी। यह मामला 1नामक सट्टेबाजी एप प्लेटफॉर्म से जुड़ा है। ईडी पूछताछ के दौरान यह समझना चाहती है कि क्रिकेटरों की इस एप में क्या भूमिका रही है या संबंध रहे हैं। ईडी यह जांच कर रही है कि क्या युवराज या उथप्पा ने इस बेटिंग एप के प्रचार में अपनी छवि का इस्तेमाल किया और इसके बदले कोई भुगतान लिया या नहीं। पूछताछ धन शोधन निवारण अधिनियम के तहत की जा रही है और उथप्पा और युवराज के बयान भी इसी अधिनियम के तहत ही दर्ज किए जाएंगे।

#### करोड़ों की ठगी का आरोप

ईडी इस समय कई ऐसे मामलों की जांच कर रही है, जो अवैध बेटिंग एप्स से जुड़े हैं। एजेंसी का मानना है कि इस तरह के बेटिंग एप्स न केवल अवैध हैं, बल्कि इनके जरिए बड़े पैमाने पर धन शोधन की गतिविधियां भी होती हैं। इन एप्स पर आरोप है कि इन्होंने लाखों लोगों और निवेशकों को करोड़ों रुपये का चूना लगाया है या फिर भारी मात्रा में टैक्स की चोरी की है। इस मामले में ईडी ने कार्रवाई तेज की है, खासकर उन विज्ञापनों पर जिनमें फिल्मी सितारे और क्रिकेटर शामिल हैं। इसी कड़ी में अब क्रिकेटरों और फिल्मी हस्तियों की भूमिका को लेकर भी जांच आगे बढ़ाई जा रही है।

---

### सुप्रीम कोर्ट का अहम फैसला

# महाराष्ट्र में 31 जनवरी 2026 तक निकाय चुनाव कराने का निर्देश..

नई दिल्ली/ एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने महाराष्ट्र सरकार और राज्य चुनाव आयोग को 31 जनवरी, 2026 तक राज्य में स्थानीय निकाय चुनाव कराने का निर्देश दिया है। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की पीठ ने महाराष्ट्र के अधिकारियों को इस साल 10 अक्तूबर तक राज्य में परिसीमन प्रक्रिया पूरी करने का भी निर्देश दिया। शीर्ष न्यायालय ने इस बात पर भी आपत्ति जताई कि 6 मई को जारी उसके तर्कसंगत आदेश के बावजूद राज्य चुनाव आयोग इस संबंध में शीघ्र कार्रवाई करने में विफल रहा। तत्कालीन आदेश में



स्थानीय निकाय चुनावों की अधिसूचना चार सप्ताह के भीतर और चुनाव चार महीने के भीतर कराने का निर्देश दिया गया था। कोर्ट ने अब महाराष्ट्र में स्थानीय चुनाव कराने के लिए कार्यक्रम निर्धारित करते हुए समय सीमा में और विस्तार दे दिया है। कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया कि इस संबंध में आगे कोई विस्तार नहीं दिया जाएगा। इससे पहले 22 अगस्त 2022 को सुप्रीम कोर्ट ने राज्य चुनाव आयोग और महाराष्ट्र सरकार को स्थानीय निकायों की चुनाव प्रक्रिया के संबंध में यथास्थिति बनाए रखने का निर्देश दिया था। इससे पहले महाराष्ट्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी। इस याचिका में शीर्ष अदालत के उस आदेश को वापस लेने की मांग की गई थी, जिसमें राज्य चुनाव आयोग को निर्देश दिया गया था कि नई आरक्षण नीति उन 367 स्थानीय निकायों पर लागू नहीं होगी, जहां चुनाव प्रक्रिया पहले ही शुरू हो चुकी है।

---

### बारिश में तिरपाल के नीचे अंतिम संस्कार करने को मजबूर ग्रामीण

**कवर्धा।** पंडरिया ब्लॉक के अंतर्गत आने वाले ग्राम डोंगरिया खुर्द में विकास के दावों की पोल खोलती एक मार्मिक घटना सामने आई है। गांव के मुक्तिधाम में शेड की सुविधा नहीं होने के चलते बारिश के बीच ग्रामीणों को तिरपाल के नीचे अंतिम संस्कार करना पड़ा। गांव की एक बुजुर्ग महिला का अंतिम संस्कार शाम करीब 5 बजे किया गया। तेज बारिश के बावजूद ग्रामीणों ने तिरपाल लगाकर जैसे-तैसे अंतिम संस्कार की प्रक्रिया पूरी की। इस दौरान लोग भीगते रहे, लेकिन कोई विकल्प नहीं था। स्थानीय निवासियों का कहना है कि गांव के श्मशान घाट में बुनियादी सुविधाएं न होने के कारण उन्हें हर बार परेशानियों का सामना करना पड़ता है।


---

### मोदी सरकार का नशा मुक्त भारत का संकल्प

# 2047 का विजन तभी सफल जब देश हो नशा मुक्त-गृहमंत्री शाह....

नई दिल्ली/ एजेंसी

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को कहा कि नरेंद्र मोदी सरकार देश से सभी प्रकार के नशीले पदार्थों का सफाया करने के लिए प्रतिबद्ध है और इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मादक द्रव्य निरोधक कार्यबल (एएनटीएफ) के प्रमुखों के दूसरे राष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होंने यह भी कहा कि अब समय आ गया है कि नशीली दवाओं के खतरे के खिलाफ कार्रवाई के पैमाने में बदलाव किया जाए ताकि आने



वाले दिनों में और अधिक सफलताएँ मिलें। अमित शाह ने कहा कि मोदी जी ने 2047 में एक महान भारत के निर्माण की संकल्पना प्रस्तुत की। एक ऐसा भारत जो पूर्णतः विकसित होगा। अगर हमें ऐसा भारत बनाना है, तो अपनी युवा पीढ़ी को नशे से बचाना बेहद ज़रूरी है। क्योंकि किसी भी महान राष्ट्र की संकल्पना, उसकी नींव उस देश की युवा पीढ़ी होती है। अगर हमारी आने वाली पीढ़ियाँ खोखली हो जाएँगी, तो देश भटक जाएगा... दुर्भाग्य से, वे दोनों क्षेत्र जहाँ से दुनिया भर में नशे की आपूर्ति होती है, हमारे नज़दीक ही हैं... इसलिए यही समय है कि हम इसके खिलाफ मजबूती से लड़ें। शाह ने कहा कि तीन तरह के कार्टेल होते हैं।एक वो कार्टेल जो देश के सभी एंट्री पॉइंट्स पर काम करता है, दूसरा वो कार्टेल जो एंट्री पॉइंट से राज्य तक डिस्ट्रीब्यूशन का कार्टेल है और तीसरा वो कार्टेल जो राज्यों में पान की दुकान या गली के नुक्कड़ पर ड्रग्स बेचने तक काम करता है।

---

### ईडी का दावा-एक हजार करोड़ रुपए किये थे मैनेज

# शराब घोटाले में सिंडिकेट के प्रमुख हैंडलर थे चैतन्य बघेल

**रायपुर।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने अपनी अभियोजन शिकायत में आरोप लगाया है कि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बेटे चैतन्य बघेल छत्तीसगढ़ में शराब घोटाले के सिंडिकेट के मुखिया थे। उन्होंने इससे करीब एक हजार करोड़ रुपये का प्रबंधन व्यक्तिगत रूप से किया था। ईडी ने कोर्ट में पेश चालान में चैतन्य को सिंडिकेट का प्रमुख हैंडलर बताया है। ईडी ने दावा किया है कि चैतन्य ने सिंडिकेट के अन्य सदस्यों के साथ मिलकर जानबूझकर अपराध की आय को छिपाने, रखने और प्राप्त करने और उपयोग करने में मदद की। ईडी ने सोमवार को जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश (चतुर्थ) दमरुधर चौहान की अदालत में दायर अपनी चौथी पूरक अभियोजन शिकायत (आरोप पत्र) में यह दावा किया। ईडी ने चैतन्य बघेल को 18 जुलाई को दुर्ग जिले के भिलाई शहर में उनके घर की तलाशी के बाद गिरफ्तार किया था, जो उनके पिता के साथ साझा है। कथित 2,500 करोड़ रुपये का शराब घोटाला 2019 से 2022 के बीच हुआ था, जब राज्य में भूपेश बघेल के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार सत्ता में थी। ईडी ने



अब तक इस मामले में एक अभियोजन शिकायत और चार पूरक शिकायतें दर्ज की है और दावा किया है कि कथित घोटाले से राज्य के खजाने को भारी नुकसान हुआ और शराब सिंडिकेट के लोगों की जेबें भरी गईं। ईडी ने रायपुर की एक विशेष अदालत में 7,039 पेजों की पूरक अभियोजन शिकायत (आरोप पत्र) दाखिल करते हुए कहा कि साल 2019 में छत्तीसगढ़ में कांग्रेस सरकार के गठन के बाद एक संगठित शराब सिंडिकेट बनाया गया था। इस सिंडिकेट के संचालन के लिए तत्कालीन आईएएस अधिकारी अनिल टुटेजा और शराब व्यवसायी अनवर ढेबर (दोनों को पिछली अभियोजन शिकायतों में आरोपी बनाया गया था) को प्रमुख चेहरे के रूप में चुना गया था। इस सिंडिकेट पर चैतन्य का राज था और उसकी भूमिका केवल प्रतीकात्मक ही नहीं, बल्कि प्रभावशाली और निर्णायक भी थी। वह सिंडिकेट के एकत्र किए गए सभी अवैध धन का 'हिसाब' (हिसाब) रखने के लिए जिम्मेदार थे। धन के संग्रह, चैनलाइज़ेशन और वितरण से संबंधित सभी बड़े फैसले उसके निर्देशों पर लिए जाते थे। मुख्यमंत्री के बेटे के रूप में उसकी स्थिति ने उसे सिंडिकेट का नियंत्रक और अंतिम अधिकारी बना दिया। ईडी ने दावा किया कि चैतन्य अपराध की आय का प्राप्तकर्ता है।

## संक्षिप्त समाचार



अडानी फाउंडेशन, ष्ट ष्ट जामुल के सहयोग से प्राथमिक शाला नंदनी खुंदनी में स्कूल के बाउंड्रीवल के ऊपर तार जाली कर सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने का पूजन किया गया तथा किसानों को सिंचाई हेतु स्प्रिंकलर पाइप का वितरण किया गया जिसमें ग्राम पंचायत के सरपंच श्रीमती खुशबू घनश्याम यादव, ष्ष जामुल के ष्ह्यह्ल कलस्टर हैड जामिल खान,नंदनी खुंदनी माइंस के मैनेजर मुकेश जी, उपसरपंच लोकेश जैन जी,पूर्व सरपंच घनश्याम यादव जी,प्राथमिक शाला के प्रधान पाठक बंसल जी,कमल महिलांग,मरकाम जी,पोद्दार सर जी,ईश्वर यादव,सुषमा साहू,शर्मा मैडम आदि उपस्थित रहे, स्पेंकलर पाइप के हितग्राही किसान उपस्थित रहे।

## पिथौरा वन परिक्षेत्र गिरना टिकरापारा जंगल में वन्य जीव चीतल के शिकार प्रकरण में 7 आरोपियों को जेल दाखिल

### जिला सत्र न्यायालय महासमुंद न्यायालय द्वारा सभी 07आरोपियों के जमानत आवेदन खारिज



**पिथौरा ( समय दर्शन )।** पिथौरा वन परिक्षेत्र अंतर्गत गिरना टिकरापारा जंगल में वन्य जीव चीतल के शिकार प्रकरण में वन्य जीव संरक्षण अधिनियम 1972 की धारा 9,34,43,44,50 एवं 51 ( abc ) वन परिक्षेत्र पिथौरा द्वारा 07 आरोपियो के विरुद्ध कार्यवाही किया गया था । जिस पर माननीय न्यायालय प्रथम श्रेणी पिथौरा ने सभी 07 आरोपियो को जिला जेल दाखिला का आदेश दिया था । आरोपीगण जिला जेल महासमुंद लाकप मे है । आरोपियो के द्वारा जिला सत्र न्यायालय महासमुंद मे जमानत हेतुअपने अधिवक्ता के माध्यम से आवेदन लगाया गया था । वन परिक्षेत्र अधिकारी पिथौरा ने केश डायरी के साथ आरोपियो को जमानत नही दिए जाने का निवेदन माननीय न्यायालय से किया था । शासकीय अधिवक्ता महासमुंद ने भी माननीय सत्र न्यायालय से अपराध की गंभीरता एवं दो फरार आरोपियो की गिफ्तारी नहीं होने, प्रकरण के साक्ष्य नष्ट किए जाने के तर्क के आधार पर माननीय न्यायधीश सत्र न्यायालय महासमुंद ने आरोपियो के द्वारा लगाये गये जमानत आवेदन पर दोनो पक्ष के अधिवक्ताओं का बहस एवं पक्ष को सुनने के बाद अंततः आरोपियो द्वारा लगाये गए जमानत आवेदन को खारिज कर दिया गया ।

## सावित्रीपुर स्कूल ने दिया स्वच्छता संदेश



**साँकरा( समय दर्शन )।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सावित्रीपुर में स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत आज स्वच्छता शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के सभी छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत संस्था के प्राचार्य पी सिदार द्वारा स्वच्छता के महत्व पर प्रकाश डालते हुए की गई। उन्होंने कहा कि स्वच्छता केवल एक आदत नहीं, बल्कि यह जीवन जीने की संस्कृति है। स्वच्छ व्यक्ति ही स्वस्थ और खुशहाल जीवन जी सकता है। इसके पश्चात् सभी उपस्थितों ने एक साथ खड़े होकर स्वच्छता शपथ ली कि, वे स्वयं स्वच्छ रहेंगे, अपने घर, विद्यालय एवं आसपास को स्वच्छ रखेंगे तथा दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करेंगे। इस अवसर पर संकुल समन्वयक पी.एल. चौधरी ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा स्वच्छता केवल सफाई नहीं, बल्कि यह एक संस्कार है। जब विद्यार्थी छोटी उम्र से ही स्वच्छता को जीवन का हिस्सा बना लेंगे, तब वे समाज में आदर्श नागरिक के रूप में आगे आएँगे। सावित्रीपुर विद्यालय का यह सामूहिक शपथ कार्यक्रम निश्चित ही बच्चों और अभिभावकों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाएगा। छात्र-छात्राओं ने सामूहिक स्वर में 'स्वच्छ भारत ङ्क स्वस्थ भारत' और 'स्वच्छ विद्यालय ङ्क सुंदर विद्यालय' जैसे नारे लगाए, जिससे पूरे परिसर में स्वच्छता का संदेश गूंज उठा। विद्यालय परिवार ने यह संकल्प भी लिया कि वे इस पखवाड़े में विविध गतिविधियों जैसे सफाई अभियान, रैली, पोस्टर प्रतियोगिता और निबंध लेखन के माध्यम से समाज में स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाएँगे। इस अवसर पर सभी शिक्षकों और कर्मचारियों ने भी बच्चों को स्वच्छता का आदर्श प्रस्तुत करने का वचन दिया।

# 22 सितम्बर को माँ रणेश्वर राम चण्डी मंदिर गढ़फुलझर में मनोकामना ज्योत प्रज्वलन

**बसना ( समय दर्शन )।** बसना के शरहद पर बसा आदिकालीन भैना राजाओं के गढ़ के नाम से विख्यात गढ़फुलझर का गढ़ परिसर में अभी भी भैना राजाओं के किले के अवशेष विद्यमान है । इस ऐतिहासिक गढ़ मे विराजित हैं बिसासहे कुल कोलता समाज की आराध्य एवं कुल देवी श्री श्री श्री माँ रणेश्वर राम चण्डी ।

**रामचण्डी दिवस-** आगामी शारदीय नवरात्र महापर्व के अवसर पर श्री श्री श्री रणेश्वर रामचंडी मंदिर, गढ़फुलझर में 22 सितम्बर 2025 को मनोकामना ज्योत प्रज्वलन एवं कलश स्थापना की जाएगी। इस अवसर पर विशेष पूजा-अर्चना, मंत्रोच्चार और धार्मिक अनुष्ठान आयोजित होंगे।

प्रतिवर्ष अश्विन मास के शुक्ल पक्ष की चतुर्दशी तिथि को बिसासहे कुल कोलता समाज इस पुण्य दिवस को रामचण्डी दिवस के रूप मे बड़े ही श्रद्धा भक्ति और उल्लास के साथ मनाते हैं । इस दिन कोलता समाज एक वृहद सामाजिक एवं धार्मिक समारोह करती है,जिसमें प्रदेश के मुख्यमंत्री एवं अनेक जनप्रतिनिधि तथा छत्तीसगढ़ सहित उडीसा के हजारों श्रद्धालु विशेष तौर पर प्रतिवर्ष शामिल होने आते हैं ।

**मुख्यमंत्री सहित जनप्रतिनिधि होंगे शामिल-** मंदिर समिति के प्रतिनिधि मण्डल ने रामचण्डी दिवस का आमंत्रण छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह,वित्त मंत्री ओ पी चौधरी,सांसद रूपकुमारी चौधरी, सहित संस्कृति मंत्री राजेश अग्रवाल, प्रभारी मंत्री दयालदास बघेल, जिले के सभी विधायकगण डॉ.सम्पत अग्रवाल, श्रीमती चातुरी नंद, द्वारिकाधीश यादव, योगेश्वर राजू सिन्हा को सादर आमंत्रित किया गया है, जिस पर सभी ने रामचण्डी दिवस पर पर आने की सहमति प्रदान की है।




**विशाल भण्डारा मे प्रसाद ग्रहण कर तृप्त होते है श्रद्धालु-** आपको बता दें कि,यहाँ हजारों की संख्या में श्रद्धालुजन माँ रणेश्वर राम चण्डी का पुण्य दर्शन लाभ अर्जित कर विशाल भण्डारा मे प्रसाद ग्रहण करते हैं ।

बडे दूर दूरांचल के सैकड़ों लोग यहाँ मनोकामना ज्योति जलाते हैं ।

पिछले वर्ष मंदिर मे 3232 मनोकामना ज्योति जलायी गयी थी।

मंदिर समिति के अध्यक्ष चंद्रकांता भोई एवं संचालन समिति के सचिव प्रफुल्ल सामल ने बताया कि,इस वर्ष यह संख्या बढ़ने की उम्मीद है जो 3500-4000तक पहुँच सकता है ।

बसना क्षेत्र में यह इकलौता जगह है जहाँ

मंदिर परिसर में सामुहिक आरती पूजन पश्चात् संध्या कालीन सत्र में नवरात्रि के नौ दिन तक मंदिर प्रबंधन समिति द्वारा प्रति दिन दर्शनार्थियों के लिए भोग प्रसाद की व्यवस्था की जाती है।

उन्होंने सभी श्रद्धालुओं से सपरिवार उपस्थित होकर माता की आराधना कर आशीर्वाद प्राप्त करने की अपील की है।

# कैबिनेट मंत्री गुरु खुशवंत साहेब से पिथौरा के जनपद प्रतिनिधियों ने की सौजन्य भेंट

**पिथौरा ( समय दर्शन )।** पिथौरा क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों ने गुरु निवास में छत्तीसगढ़ शासन के कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग के कैबिनेट मंत्री गुरु खुशवंत साहेब से सौजन्य मुलाकात कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

इस दौरान जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती ऊषा पुरूषोतम धृतलहरे, जनपद उपाध्यक्ष ब्रह्मानंद पटेल प्रदेश कार्यसमिति सदस्य स्वप्निल तिवारी , जनपद सदस्य पुरूषोतम धृतलहरे, सभापति कवलजीत पम्मी छाबड़ा, ग्रीन ग्राम सपोस के सरपंच किशोरचंद बघेल ने सौजन्य भेंट की।



इस अवसर पर क्षेत्र के सर्वांगीण विकास और जनहित से जुड़े मुद्दों पर सार्थक चर्चा हुई। प्रतिनिधियों ने मंत्री जी को अनुसूचित जाति वर्ग के उत्थान, रोजगार और क्षेत्र की आवश्यकताओं एवं समस्याओं से अवगत कराया तथा विकास कार्यों की गति तेज करने का आग्रह किया।

जिस पर कैबिनेट मंत्री गुरु खुशवंत साहेब ने क्षेत्र के उत्थान और जनहित के कार्यों को प्राथमिकता देने का आश्वासन दिया।

# अनिल सिंह साव बने बसना विकासखंड स्त्रोत समन्वयक

**बसना ( समय दर्शन )।** शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करते आ रहे अनिल सिंह साव को अब एक नई जिम्मेदारी मिली है। जिला परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा महासमुंद द्वारा जारी आदेशानुसार, अनिल सिंह साव को विकासखंड स्त्रोत केंद्र समन्वयक (बी.आर.सी.सी) बसना नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति उनकी दीर्घकालीन सेवा, निष्ठा एवं दक्षता को मान्यता देते हुए की गई है।



**शिक्षा जगत में सफर की शुरुआत-** अनिल सिंह साव ने अपने शैक्षणिक जीवन की शुरुआत प्राथमिक शाला अजगरखार में शिक्षा कर्मी वर्ग 03 के रूप में की थी। प्रारंभिक सेवा के दौरान ही उन्होंने अपने कार्य में समर्पण और नवाचार का परिचय दिया। इसके पश्चात पदोन्नति प्राप्त कर वे मिडिल स्कूल धानापाली में पदस्थ हुए, जहां उन्होंने प्रभावी रूप से शिक्षण एवं समन्वयन का कार्य किया। मिशन समन्वयक और संकुल समन्वयक के रूप में उत्कृष्ट कार्य ध्यान देने योग्य बात है कि श्री साव को मिशन समन्वयक की जिम्मेदारी भी दी गई थी, जिसे उन्होंने अत्यंत कुशलता से निभाया। उनकी कार्यप्रणाली को हमेशा सराहा गया और उन्होंने संकुल केंद्र बाराडोली में समन्वयक के रूप में लगातार निर्विवाद रूप से सेवाएं प्रदान कीं। उनकी कार्यकुशलता, नेतृत्व क्षमता और टीम भावना ने उन्हें एक आदर्श शिक्षक और प्रेरणास्त्रोत के रूप में स्थापित किया है।

**नई जिम्मेदारी पर हर्ष और शुभकामनाएं-** बी.आर.सी.सी. बसना नियुक्त किए जाने की सूचना मिलते ही शिक्षा विभाग, राजनीतिक क्षेत्र और सामाजिक संगठनों में खुशी की लहर दौड़ गई। श्री साव को बधाई देने वालों में कई प्रमुख नाम शामिल हैं।विधायक बसना डॉ. संपत अग्रवाल शीत गुप्ता, उपाध्यक्ष, नगर पंचायत बसना रामचंद्र अग्रवाल एवं रमेश अग्रवाल, वरिष्ठ भाजपा नेता नरेंद्र बोरे, शिक्षक संगठन पदाधिकारी तथा उनके सहकर्मी और सहयोगी शिक्षकगण विजय धृतलहरे, विजयशंकर विशाल, गजानन भोई, नीलांबर नायक, सुरेश नंद, शरण दास, अरुण प्रधान, संतराम बंजारा, गजेन्द्र नायक, वारिश कुमार, त्रिकांत बाघ, पुरंदर बंछोर, डीजेन्द्र कुर्रे आदि। इन सभी ने श्री साव को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की हैं। उनके परिजन, इष्टमित्र और संपूर्ण शिक्षक समाज इस नई जिम्मेदारी पर गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं।अनिल सिंह साव की यह पदोन्नति न केवल उनके व्यक्तिगत प्रयासों की सराहना है, बल्कि यह शिक्षा विभाग की पारदर्शिता और कर्मठता को सम्मान देने की परंपरा का भी प्रतीक है। यह नियुक्ति आने वाले समय में बसना विकासखंड की शैक्षणिक गुणवत्ता को और अधिक सशक्त बनाने में मील का पत्थर साबित हो सकती है।

# कलेक्टर श्री लंगेह ने किया सूर्य रथ का शुभारंभ



### जिलेवासियों को प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना का लाभ उठाने की अपील

**महासमुंद ( समय दर्शन )।** केन्द्र सरकार की महत्वाकांक्षी प्रधानमंत्री सूर्यघर बिजली योजना के तहत लोगों को घर में ही बिजली उत्पादन कर मुफ्त बिजली का लाभ दिलाने की पहल जारी है। इसी कड़ी में आज कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने कलेक्टर परिसर से सूर्य रथ जागरूकता वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ हेमंत नंदनवार, विद्युत विभाग के कार्यपालन अभियंता वर्मा सहित सरायपाली, पिथौरा के कार्यपालन अभियंता एवं अन्य अधिकारी मौजूद थे।

कलेक्टर लंगेह ने विभाग के अधिकारियों-कर्मचारियों को योजना की गंभीरता से क्रियान्वयन करने और अधिक से अधिक उपभोक्ताओं को योजना से जोड़ने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस योजना के अंतर्गत घर में रूफ्टॉप सोलर सिस्टम स्थापित कर उपभोक्ता स्वयं बिजली उत्पादन कर सकते हैं और मुफ्त बिजली का लाभ प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने समयबद्ध कार्ययोजना बनाकर उपभोक्ताओं से संपर्क करने, विशेष कैम्प आयोजित कर ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में व्यापक प्रचार-प्रसार करने और लोगों को आवेदन कर योजना का लाभ लेने हेतु प्रोत्साहित करने के निर्देश भी दिए।

महासमुंद जिले में वर्तमान में 583 उपभोक्ता इस योजना का लाभ ले रहे हैं। योजना अंतर्गत 3-5 किलोवाट तक के सोलर रूफ्टॉप सिस्टम पर केंद्र सरकार द्वारा 78,000 रुपए तथा राज्य सरकार द्वारा 30,000 रुपए तक की सब्सिडी प्रदान की जा रही है। जागरूकता रथ के माध्यम से ग्रामीण एवं शहरी इलाकों में ऑडियो संदेश, पोस्टर, बैनर और फ्लेक्स के जरिए लोगों को जानकारी दी जाएगी। इस अवसर पर कलेक्टर श्री लंगेह ने जिले वासियों से अपील की कि वे अपने घरों में रूफ्टॉप सोलर प्लांट स्थापित कर प्रधानमंत्री सूर्य घर बिजली योजना का लाभ अवश्य लें।

# ग्राम नंदिनी खुंदिनी (अहिवारा) मे भीम रेजीमेंट के संस्थापक दिनेश चतुर्वेदी का भव्य स्वागत समारोह एवं भेट मुलखात

**होमन सिंह ठाकुर समय दर्शन नंदिनी अहिवारा।** न्यू आदर्श युवा संगठन ग्राम नंदिनी खुंदिनी तहसील अहिवारा जिला दुर्ग छत्तीसगढ़ मे दिनांक 15 /09 /2025 दिन सोमवार शाम 6 बजे भीम रेजिमेंट के संस्थापक आदरनीय दिनेश चतुर्वेदी के आगमन पर संगठन के द्वारा भव्य स्वागत समारोह एवं संगठन के पदाधिकारीयो से समाजिक एवं संगठन के अनेको विषयो पर चर्चा हुये



जिसमे उपस्थित न्यू आदर्श युवा संगठन के अध्यक्ष देवऋषि घिदोडे , उपाध्यक्ष श्री जसपाल जांगडे , कोषाध्यक्ष श्री समीर जाँगड़े , उपकोषाध्यक्ष खिलेश घिदोडे , सचिव चितेश महिलांग , उप सचिव संजय देशलहरे , सह:उपसचिव हरि शंकर घिदोडे प्रकाश जांगडे , भूपेन्द महिलांग , भानु घिदोडे, रांधिर घिदोडे , सागर घिदोडे , मोनु घिदोडे , राजेश जाँगड़े , हर्ष वर्धन घिदोडे , सनिल जांगडे , जांगडे , रवि निषाद , सुशांत खिलारे , धर्मेंद गेंड्रे , निखिल चतुर्वेदी , हिमांशु घिदोडे , आयुष पाटिल , मोनु देशलहरे , सौरभ गायकवाड़ , खुलेश्वर साहू , पिन्केश साहू , दीपक ध्रुव , राकेश निर्मलकर , खोमेन्द निर्मलकर , बलदाऊ ठाकुर , भगता हेमू साहू , सहउपाध्यक्ष अजय ड़ेहरे , सह: उपकोषाध्यक्ष शंकर मार्कंडे , मुकेश महिलांग , प्रह्लाद गेंड्रे , अमन जाँगड़े , शेखर घिदोडे , सलाहकार सदानंद बक्सी , सलाहकार सँजु गायकवाड़ , जयंत मुकेश जोशी , चीनटू गायकवाड़ , हलधर कुर्रे , बिट्टू घिदोडे , राहुल ड़ेहरे , जे के डहरिया , तारण दास घिदोडे ( पंच ) , जय प्रकाश जाँगड़े , आयुष , लक्की टंडन , आदि उपस्थित थे

# महाविद्यालय में छत्तीसगढ़ रजत जयंती - 25 वर्षों का उत्सव, वर्षो का संकल्प, पर संगोष्ठी का आयोजन

**रानीतराई ( समय दर्शन )।** स्व. दाऊ रामचंद्र साहू शासकीय महाविद्यालय रानीतराई में छत्तीसगढ़ रजत जयंती का आयोजन प्राचार्य डॉ अरुण कुमार मिश्रा के मार्गदर्शन में उत्साहपूर्वक किया गया। कार्यक्रम प्रभारी श्रीमती आराधना देवांगन ने कहा कि एक नवंबर 2000 को मध्य प्रदेश से पृथक होकर छत्तीसगढ़ राज्य का निर्माण हुआ। आज छत्तीसगढ़ राज्य के गठन को 25 वर्ष पूरे हो रहे हैं, छत्तीसगढ़ राज्य अपने शिशु अवस्था से आज युवा अवस्था में प्रवेश करने जा रहे हैं। आज छत्तीसगढ़ राज्य में शिक्षा, संचार, स्वास्थ्य, उद्योग, कृषि, आधारभूत संरचना, रोजगार, यातायात साधन, महिला सशक्तिकरण और जनजाति संस्कृति जैसे क्षेत्रों में इसकी प्रगति शामिल है।



प्राचार्य डॉ अरुण कुमार मिश्रा ने अतिथियों का स्वागत किया तथा कहा कि छत्तीसगढ़ रजत जयंती मनाने का मुख्य उद्देश्य छत्तीसगढ़ राज्य की विकास गाथा को दिखाना है। छत्तीसगढ़ राज्य के इन 25 वर्षों की उपलब्धियों एवं महत्व के गुणगान करने का प्रयास है। जब छत्तीसगढ़ राज्य की स्थापना हुई उस समय 3 राज्य बने थे- छत्तीसगढ़, उत्तराखंड, झारखंड। छत्तीसगढ़ राज्य की स्थापना में राजनीतिक पार्टी का विशेष रूप से योगदान रहा है। छत्तीसगढ़ इन 25 वर्षों में विकास की ऊंचाईयों को छूते जा रहे हैं।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री निर्मल जैन (अध्यक्ष महाविद्यालय जन भागीदारी समिति) ने कहा कि आज छत्तीसगढ़ की 25वीं रजत जयंती मना रहे हैं।इन 25 वर्षों में छत्तीसगढ़ की उपलब्धियां को दिखाया गया है इसी उपलब्धियां और विचारों के साथ हम छत्तीसगढ़ में 25 वर्ष में प्रवेश कर रहे हैं ।छत्तीसगढ़ का जन्म 1 नवम्बर 2000 को हुआ। मध्य प्रदेश राज्य ने छत्तीसगढ़ के क्षेत्र को हमेशा से ही विकास से दूर रखा था। छत्तीसगढ़ प्राचीन काल से ही भौगोलिक, ऐतिहासिक राजनीतिक, सांस्कृतिक दृष्टि से संपन्न रहा है। छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना से ही नक्सलवाद, महंगाई, बेरोजगारी आदि चुनौतियों का सामना कर रहा था। लेकिन आज इन 25 वर्षों में छत्तीसगढ़ में तेजी से विकास हो रहा है।

कार्यक्रम के अध्यक्ष श्री भविष्य जैन (विधायक प्रतिनिधि) ने व्यक्तव्य में कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य मध्य प्रदेश से हमेशा उपेक्षित रहा है। छत्तीसगढ़ राज्य अपने अधिकार के लिए लड़ रहे थे। छत्तीसगढ़ राज्य मध्य प्रदेश से पृथक होकर बना । जब छत्तीसगढ़ राज्य बना तब इसमें 3 संभाग और 16 जिले थे। वर्तमान में 5 संभाग, 33 जिला, 14 नगर निगम, 56 नगर पालिका और 122 नगर पंचायत शामिल हैं। छत्तीसगढ़ राज्य का विकास तेजी से बढ़ रहा है। विशेष अतिथि श्री सत्यनारायण टिकरिया ( सरपंच ग्राम पंचायत रानीतराई) ने व्यक्तव्य में कहा- छत्तीसगढ़ राज्य अनेक चुनौतियों का सामना करते हुए तेजी से विकास कर रहा रहा है। कार्यक्रम का प्रभार व्यक्त श्री चंदन गोस्वामी ने किया। श्री चंदन गोस्वामी ने कार्यक्रम मे प्रभार व्यक्त करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य बनने से पहले अनेक कारकों से मध्यप्रदेश से उपेक्षित रहा है। छत्तीसगढ़ राज्य बनने के बाद अनेक समस्याओं से ग्रसित रहा है। छत्तीसगढ़ विकास की प्रक्रिया को अपनाया है। विकास हो रहा है या नहीं इसको देखने के लिए अर्थशास्त्री प्राथमिक क्षेत्र की उपलब्धियों को देखते है, यदि कोई क्षेत्र अविकसित या पिछड़ी हुई है तो वह प्राथमिक क्षेत्र पर ज्यादा निर्भर करती रहेगी। छत्तीसगढ़ राज्य बना उसे समय वह कृषि पर निर्भर था। छत्तीसगढ़ राज्य को और विकास की ओर ले जाने के लिए हम अपने प्रतिभा और स्किल को निखारने का प्रयास करेंगे तभी हम छत्तीसगढ़ को और आगे ऊंचाई तक पहुंचा पाएंगे। इस अवसर पर महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक सुश्री भारती गायकवाड़, श्रीमती शगुफ्ता सिद्दीकी , श्रीमती अंबिका ठाकुर बर्मन,सुश्री रेणुका वर्मा तथा अतिथि व्याख्याता श्री टीकेश्वर कुमार पाटिल, श्री वेणु कुमार साहू, सुश्री शिखा मड़रिया उपस्थित रहे। कार्यालयीन स्टाफ में श्री नरेश मेश्राम, श्रीमती महेश्वरी निषाद, सुश्री सीमा वर्मा सहित महाविद्यालय के सभी छात्र-छात्राओं की भागीदारी उल्लेखनीय रही।

# प्रत्येक मामले के पीछे एक मानवीय कहानी होती है संघर्ष की, आशा की, और न्यायपालिका में विश्वास की : मुख्य न्यायाधीश




**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य न्यायिक अकादमी द्वारा बस्तर संभाग के न्यायिक अधिकारियों के लिए एक दिवसीय संभागीय न्यायिक सेमिनार का आयोजन प्रेरणा हॉल, कलेक्टरेट भवन, जगदलपुर में किया गया। इस सेमिनार में बस्तर संभाग के चार जिलों जगदलपुर, कांकेर, दंतेवाड़ा, कोंडागांव के 43 न्यायिक अधिकारियों ने भाग लिया।

छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा एवं मुख्य संरक्षक, छत्तीसगढ़ राज्य न्यायिक अकादमी ने वर्चुअल माध्यम से सत्र का उद्घाटन किया। सेमिनार में अमितेंद्र किशोर प्रसाद, न्यायाधीश, छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय, पोर्टफोलियो न्यायाधीश, जिला कांकेर की भी गरिमामयी उपस्थिति रही।

मुख्य न्यायाधीश ने बस्तर संभाग के न्यायिक अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि आज के समय में न्यायपालिका से अपेक्षाएँ बहुत अधिक हैं। लोग हमसे अत्यधिक आशा रखते हैं। यह सेमिनार केवल सीखने का मंच ही नहीं, बल्कि न्याय, निष्पक्षता और विधि के शासन के प्रति हमारी सामूहिक प्रतिबद्धता की पुष्टि भी है।

मुख्य न्यायाधीश ने अपने संबोधन में कहा कि न्यायिक शिक्षा एक बार की प्रक्रिया नहीं है; बल्कि यह सतत प्रक्रिया है। आज के दौर में जहाँ कानून तेजी से विकसित हो रहे हैं और समाज नई चुनौतियों का सामना कर रहा है, वहाँ न्याय के संरक्षक होने के नाते हमें निरंतर अपने ज्ञान को समृद्ध करना और अपनी न्यायिक क्षमता को धार देना अनिवार्य है। सतत प्रशिक्षण सुनिश्चित करता है कि हम अपने संवैधानिक दायित्वों को दक्षता, ईमानदारी और संवेदनशीलता के साथ निभा सकें। मुख्य न्यायाधीश ने आगे यह भी कहा कि बस्तर क्षेत्र अपने विशिष्ट सामाजिक-आर्थिक और सांस्कृतिक परिदृश्य के साथ न्यायपालिका के लिए चुनौतियाँ और अवसर दोनों प्रस्तुत करता है। हमारा दायित्व है कि न्याय समाज के हर कोने तक पहुँचे, विशेष रूप से वंचित और कमजोर वर्गों तक। यहाँ के न्यायिक अधिकारियों की भूमिका जनता के विश्वास को बनाए रखने और यह सुनिश्चित करने में अत्यंत महत्वपूर्ण है कि न्याय न केवल किया जाए, बल्कि होता हुआ भी दिखाई दे। मुख्य न्यायाधीश ने सभी न्यायिक अधिकारियों से आग्रह किया कि वे सहानुभूति, धैर्य और निष्पक्षता के साथ न्यायिक कार्य करें। याद रखें, प्रत्येक मामले के पीछे एक मानवीय कहानी होती है संघर्ष, आशा और न्यायपालिका में विश्वास की। हमें सदैव यह सुनिश्चित करने का प्रयास करना चाहिए कि न्याय समय पर, पारदर्शी और तर्कपूर्ण तरीके से दिया जाए। अंत में मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि इस प्रकार के सेमिनार समकालीन विधिक मुद्दों पर विचार-विमर्श, अनुभवों के आदान-प्रदान और श्रेष्ठ कार्यप्रणालियों को अपनाने का मूल्यवान अवसर प्रदान करते हैं। इस सेमिनार में हुई चर्चाएँ न्यायिक अधिकारियों की दक्षता को बढ़ाएँगी और उन्हें न्यायिक कार्य की जटिलताओं को और अधिक कुशलता से संभालने योग्य बनाएँगी। इस कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के प्रभारी रजिस्ट्रार जनरल, रजिस्ट्री अधिकारी वर्चुअल माध्यम से जुड़े थे। कांकेर, कोंडागांव, जगदलपुर एवं दंतेवाड़ा के जिलों के न्यायिक अधिकारी उपस्थित थे। स्वागत भाषण प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, जगदलपुर द्वारा दिया गया, परिचयात्मक उद्बोधन छत्तीसगढ़ राज्य न्यायिक अकादमी के निदेशक ने तथा धन्यवाद ज्ञापन अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश, जगदलपुर द्वारा किया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### बिलासपुर में बी एन आईइवेंट: एस बी आई कैप सिक्योरिटीज ने बढ़ाई क्षेत्रीय भागीदारी



**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़: एसबीआईकैप सिक्योरिटीज लिमिटेड ने बिलासपुर में आयोजित बीएनआई डायमंड ग्रैंड विज़िटर डे मीट में सक्रिय रूप से भाग लिया। इस बैठक में अग्रणी उद्यमियों और पेशेवरों ने एक साथ आकर नए व्यावसायिक अवसरों का पता लगाने और स्थानीय व्यापारिक समुदाय के भीतर विश्वास-आधारित संबंधों को मजबूत करने के लिए एक गतिशील मंच प्राप्त किया। इस कार्यक्रम ने व्यावसायिक विकास को बढ़ावा देने के लिए सार्थक सहयोग और आपसी समर्थन को प्रोत्साहित करने में बीएनआई की भूमिका को रेखांकित किया। बैठक के दौरान, कई व्यवसाय मालिकों ने संभावित निवेश के तरीकों पर चर्चा करने के लिए एसबीआई कैप सिक्योरिटीज के बिलासपुर कार्यालय का दौरा करने में रुचि व्यक्त की — जो ग्राहक संबंधों को गहराने और क्षेत्र में कंपनी की ब्रांड उपस्थिति को विस्तार देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। एसबीआईकैप सिक्योरिटीज लिमिटेड के मुख्य व्यवसाय अधिकारी श्री सुरेश शुक्ला ने कहा: बीएनआई डायमंड ग्रैंड विज़िटर डे मीट में हमारी भागीदारी, पूरे भारत में जीवंत व्यावसायिक समुदायों के साथ जुड़ने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाती है। बिलासपुर उद्यमशीलता ऊर्जा का एक उभरता हुआ केंद्र है, और हम स्थानीय व्यापारिक नेताओं के साथ सहयोग करने को लेकर उत्साहित हैं, ताकि उन्हें उनके वित्तीय लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद करने के लिए अनुकूलित निवेश समाधान प्रदान किए जा सकें। साथ ही, छत्तीसगढ़ में अपनी स्थिति को और अधिक मजबूत किया जा सके। एसबीआई कैप सिक्योरिटीज लिमिटेड दीर्घकालिक साझेदारियों को बनाने और नवाचारपूर्ण निवेश अवसरों को उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है, जिससे वह वित्तीय सेवाओं के क्षेत्र में एक विश्वसनीय नाम के रूप में अपनी स्थिति को लगातार सशक्त बना रहा है।

### टीबी के पीछे छिपा होता है फेफड़ों का कैंसर, और इससे लोगों की जान जा रही है : डॉ. दीपक गुप्ता

**बिलासपुर,** डॉ. दीपक गुप्ता, सीनियर कंसल्टेंट - पल्मोनोलॉजिस्ट, अपोलो हॉस्पिटल्स बिलासपुर ने बताया भारत में, अगर किसी को बहुत ही ज़िद्दी खांसी हो रही है तो उसे सबसे पहले पल्मोनरी ट्यूबरकुलोसिस ही समझा जाता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन का अनुमान है कि दुनिया के कुल टीबी के मामलों में से 27प्रतिशत भारत में हैं, और हर साल हर 100,000 लोगों में से लगभग 134 नए संक्रमण होते हैं - जो कि ज़्यादातर देशों की कल्पना से कहीं ज़्यादा है।

एक ओर टीबी का निदान ऑटोमैटिक हो जाता है, तभी फेफड़ों के कैंसर के निदान में देरी हो जाती है, जिसकी बहुत भारी कीमत मरीज़ों को चुकानी पड़ती है। चार टीचिंग अस्पतालों में किए गए एक ऑडिट में पाया गया कि 18प्रतिशत फिज़िशियन ने शुरूआत में फेफड़ों के कैंसर के लिए टीबी लिखा, और उनमें से लगभग दस में से नौ डॉक्टरों ने पूरी तरह से एंटी-टीबी थेरपी शुरू कर दी। एम्स-दिल्ली की एक क्लासिक सीरीज़ में भी कुछ ऐसा ही दिखाया: 70 में से 14 फेफड़ों के कैंसर के मरीज़ों (20प्रतिशत) ने बायोप्सी करने की सूचना मिलने से पहले कई महीनों तक टीबी की की दवाएं ली थीं, जिससे उनकी ज़िन्दगी के लगभग चार से पांच कीमती महीने बर्बाद हो गए।

भारत में फेफड़ों के कैंसर से बचने की संभावना बहुत कम होती है, ऐसे में इतने महीने बहुत मायने रखते हैं। कैंसर-रजिस्ट्री डेटा की सबसे बड़ी वैश्विक समीक्षा में, भारत में आयु-मानकीकृत पांच साल तक जीवित रहने की दर सिर्फ3.7प्रतिशत (2010-2014) दर्ज की गयी है, जो उन लेखकों द्वारा देखे गए किसी भी जगहों से सबसे कम है। कारण स्पष्ट है: ट्यूमर अभी भी प्रारंभिक, रिसेक्टेबल चरण में होने पर निदान किए जाने वाले मरीज़ों की संख्या भारत में दस में से एक से भी कम है; बाकी मरीज़ बीमारी बहुत ही गंभीर हो जाने पर ही निदान तक पहुंचते हैं, जहां इलाज दुर्लभ है।

व्यस्त टर्शियरी सेंटरों में भी टीबी और कैंसर के बीच मिक्स-अप होना इतना आम क्यों है? दोष कौशल में नहीं; संरचना में है। राष्ट्रीय टीबी उन्मूलन कार्यक्रम के तहत टीबी रोधी दवाएं मुफ्त हैं, जो निक्षय डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से मिनटों में वितरित की जाती हैं, जबकि सीटी-गाइडेड बायोप्सी या ब्रोंकोस्कोपी के लिए अभी भी जेब से भुगतान करना पड़ता है, शहर में जाना पड़ता है और उसके लिए काम, मज़दूरी का नुकसान होता है। जिला अस्पतालों में से एक-छठे से भी कम में ऑन-साइट पैथोलॉजी सेवाएं हैं, इसलिए टिश्यू कन्फर्मेशन वास्तव में ग्रामीण भारत के अधिकांश लोगों की पहुंच से बाहर है। इन बाधाओं का सामना करते हुए, मरीज़ और क्लिनिशियन अक्सर कम से कम रेसिस्टेंस का रास्ता चुनते हैं - पहले टीबी का इलाज शुरू करें और देखें कि एक्स-रे ठीक हो जाता है या नहीं।

# छत्तीसगढ़ सरकार का बड़ा निर्णय: शासकीय महाविद्यालयों में 700 पदों पर भर्ती

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की पहल पर छत्तीसगढ़ शासन द्वारा उच्च शिक्षा में विभिन्न रिक्त पदों पर भर्ती हेतु बड़ा निर्णय लिया गया है जिससे प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था को नई दिशा मिलेगी और शासकीय महाविद्यालयों में रिक्त पदों की कमी को दूर किया जा सकेगा। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देशानुसार तथा उच्च शिक्षा विभाग के प्रस्ताव पर वित्त विभाग ने 700 पदों पर भर्ती की अनुमति प्रदान की है। यह आदेश प्रदेश के युवाओं के लिए आशा और अवसर की नई किरण लेकर आया है।

**625 सहायक प्राध्यापक पदों पर भर्ती हेतु स्वीकृति**- भर्ती हेतु स्वीकृत पदों में सहायक प्राध्यापक के 625 पद शामिल किए गए हैं। इन पदों पर भर्ती होने से महाविद्यालयों में पढ़ाई की गुणवत्ता और शोध कार्यों में अभूतपूर्व सुधार देखने को मिलेगा।

**क्रीड़ा अधिकारी के 25 पदों पर भर्ती से खेल गतिविधियों को बढ़ावा**- इसी क्रम में क्रीड़ा अधिकारी के 25 पदों पर भर्ती की स्वीकृति दी गई है। इन पदों की नियुक्ति से महाविद्यालयों में खेलकूद और शारीरिक शिक्षा की गतिविधियों को और अधिक सशक्त बनाया जा सकेगा।

**ग्रंथपाल के 50 पदों पर भर्ती से पुस्तकालय होंगे सशक्त**- इसके अतिरिक्त ग्रंथपाल के 50 पदों पर भी भर्ती की स्वीकृति दी गई है। ग्रंथपालों की नियुक्ति से पुस्तकालयों का बेहतर संचालन होगा और विद्यार्थियों को अध्ययन सामग्री अधिक व्यवस्थित रूप से उपलब्ध हो सकेगी। यह निर्णय प्रदेश के युवाओं को रोज़गार के नए अवसर प्रदान करेगा। साथ ही, उच्च शिक्षा संस्थानों में कार्यरत शिक्षकों और अधिकारियों की संख्या बढ़ने से विद्यार्थियों को बेहतर मार्गदर्शन प्राप्त होगा। प्रदेश सरकार का यह कदम महाविद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शैक्षणिक वातावरण निर्मित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। इससे शिक्षण-अध्यापन का स्तर उन्नत होगा और संकायों की मजबूती सुनिश्चित होगी। इस पहल से विद्यार्थियों को उच्च स्तरीय प्रशिक्षण और सीखने के अवसर प्राप्त होंगे। बेहतर संसाधनों और शिक्षकों की उपलब्धता से विद्यार्थियों की अकादमिक क्षमता और भी निखरेगी। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि यह निर्णय प्रदेश के युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने और उच्च शिक्षा संस्थानों में गुणवत्तापूर्ण वातावरण निर्मित करने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। महाविद्यालयों में रिक्त 700 पदों पर भर्ती होने से न केवल महाविद्यालयों में शैक्षणिक स्तर सुदृढ़ होगा, बल्कि विद्यार्थियों को बेहतर मार्गदर्शन, प्रशिक्षण और सीखने के अवसर भी प्राप्त होंगे। यह पहल आने वाली पीढ़ी के भविष्य को सशक्त बनाने के साथ शिक्षा के क्षेत्र में नई ऊर्जा और प्रेरणा का संचार करेगी। वित्त मंत्री ओ. पी. चौधरी ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार शिक्षा को प्राथमिकता दे रही है। शासकीय महाविद्यालयों में 700 पदों पर भर्ती की स्वीकृति इसी दिशा में एक बड़ा निर्णय है। इस पहल से एक ओर जहाँ युवाओं के लिए रोजगार के अवसर सृजित होंगे, वहीं दूसरी ओर प्रदेश की उच्च शिक्षा प्रणाली को नई मजबूती मिलेगी। वित्त विभाग द्वारा दी गई यह अनुमति भविष्य की पीढ़ी को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने में सहायक सिद्ध होगी। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में प्रदेश सरकार लगातार विभिन्न विभागों में भर्ती की प्रक्रिया आगे बढ़ा रही है। प्रदेश सरकार द्वारा विगत 21 माह में महिला एवं बाल विकास विभाग में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिका, स्वास्थ्य विभाग में विशेषज्ञ चिकित्सकों और चिकित्सा अधिकारियों, आदिम जाति विकास विभाग में छात्रावास अधीक्षक सहित अन्य विभिन्न विभागों के अनेक पदों पर भर्ती की जा चुकी है।

# हड़ताल पर डटे NHM कर्मचारी बर्खास्त होंगे, लौटने का अल्टीमेटम




**रायपुर।** पिछले 28 दिनों से नियमितीकरण समेत 10 सूत्रीय मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठे एनएचएम कर्मचारियों पर सरकार ने सख्ती दिखा दी है। स्वास्थ्य विभाग ने सभी सीएमएचओ को पत्र जारी कर हड़ताली कर्मचारियों को 16 सितंबर तक ड्यूटी जॉइन करने का आदेश दिया है। निर्देश में साफ कहा गया है कि तय तारीख तक काम पर नहीं लौटने वाले कर्मचारियों को नौकरी से बर्खास्त कर नई भर्ती शुरू की जाएगी।

**नई भर्ती की तैयारी**- सरकार ने स्पष्ट कर दिया है कि हड़ताल पर अड़े कर्मचारियों की जगह तुरंत नई भर्ती की प्रक्रिया शुरू होगी। यानी अब लंबे समय से विरोध कर रहे कर्मचारियों की नौकरी पर सीधा संकट मंडरा रहा है।

**28वें दिन भी जारी आंदोलन**- हड़ताल के 28वें दिन भी कर्मचारियों ने सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल रखा है। प्रदेश के 33 जिलों में कर्मचारियों ने इच्छा मृत्यु की मांग करते हुए राज्यपाल के नाम ज्ञापन तैयार किया है। आने वाले दिनों में राजधानी रायपुर में बड़ी रैली कर राज्यपाल को यह ज्ञापन सौंपा जाएगा।

**मंत्री के बयान से नाराज़गी**- जहाँ स्वास्थ्य मंत्री ने कर्मचारियों की पांच मांगें पूरी करने का आश्वासन दिया है, वहीं कर्मचारी लिखित गारंटी पर अड़े हैं। इस बीच पर्यटन मंत्री राजेश अग्रवाल के नई भर्ती प्रक्रिया शुरू करने वाले बयान से कर्मचारियों में गहरी नाराज़गी देखी जा रही है।

# राजपूत क्षत्रिय चौहान समाज का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न, सामाजिक भवन के लिए उठी मांग..




**रायपुर।** राजपूत क्षत्रिय चौहान समाज (5980) का मनोनीत केंद्रीय पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह बेमेतरा के गांधी मैदान में अत्यंत भव्यता और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। समारोह में समाज के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने समाज के प्रति निष्ठा और सेवा की शपथ ली। इस महत्वपूर्ण अवसर पर समाज के अध्यक्ष ठाकुर चंद्रशेखर सिंह चौहान ने बेमेतरा में एक सामाजिक भवन के निर्माण हेतु जमीन की मांग प्रमुखता से उठाई, जिस पर मुख्य अतिथि ने सकारात्मक आश्वासन दिया।

कार्यक्रम के मुख्य आयोजक ठाकुर चंद्रशेखर सिंह चौहान ने बताया कि यह समारोह बेमेतरा नगर पालिका अध्यक्ष श्री विजय सिन्हा जी, पार्षद माननीय गौरव साहू जी एवं विकास तंबोली जी की गौरवमयी उपस्थिति में आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि श्री विजय सिन्हा जी ने अपने उद्बोधन में राजपूत क्षत्रिय चौहान समाज की प्रशंसा करते हुए वीर सम्राट पृथ्वीराज चौहान की गौरव गाथा का स्मरण कराया और समाज के सामने उनके आदर्शों को प्रस्तुत किया। उन्होंने समाज को सशक्त बनाने के लिए हर संभव मदद का आश्वासन भी दिया।

इसी अवसर पर समाज के पदाधिकारियों द्वारा अध्यक्ष श्री सिन्हा को बेमेतरा में सामाजिक भवन हेतु भूमि स्वीकृत करने के लिए एक मांग पत्र सौंपा गया, जिसे उन्होंने सहर्ष स्वीकार करते हुए जल्द ही स्वीकृत करने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम के दौरान समाज के वरिष्ठ समाजसेवी स्वर्गीय श्री पीला सिंह चौहान जी को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई और समाज के लिए उनके द्वारा किए गए अथक प्रयासों को नमन किया गया। इस अवसर पर उनके सैनिक पुत्र श्री सूर्य सिंह चौहान भी उपस्थित थे।

समारोह का शुभारंभ माननीय अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर, मां भवानी एवं सम्राट पृथ्वीराज चौहान के चित्र पर पुष्प अर्पण और मां भवानी की आरती के साथ किया गया। समाज के वरिष्ठजनों एवं बुद्धिजीवियों ने भी सभा को संबोधित करते हुए अपने बहुमूल्य विचार रखे। सांस्कृतिक कार्यक्रम में जाने-माने कलाकार भाई प्रेमानंद जी चौहान और दुर्ग के टीवी कलाकार मोहन सिंह चौहान द्वारा दी गई प्रस्तुतियों ने उपस्थित समाज प्रेमियों एवं अतिथियों का मन मोह लिया। श्री विजय सिन्हा द्वारा नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शपथ दिलाई गई। इनमें प्रदेश संरक्षक के रूप में ठाकुर सतानंद जी चौहान, प्रदेश अध्यक्ष ठाकुर चंद्रशेखर सिंह चौहान, प्रदेश उपाध्यक्ष ठाकुर मोहन सिंह चौहान, प्रदेश महामंत्री ठाकुर दाऊराम सिंह चौहान, प्रदेश सचिव ठाकुर देवेंद्र सिंह चौहान, प्रदेश कोषाध्यक्ष ठाकुर बेनू सिंह चौहान तथा न्याय एवं विकास मंत्री के रूप में ठाकुर नागेश्वर सिंह चौहान ने शपथ ग्रहण किया।

# एक ही जमीन पर दर्ज परिवारों को अलग-अलग मिलेगा पीएम किसान सम्मान निधि का लाभ

**रायपुर।** प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के दिशा-निर्देशों के अनुसार यदि एक ही भूमि खाता (सिंगल लैण्डहोल्डिंग) में कई किसान परिवारों के नाम दर्ज हैं, तब भी प्रत्येक पात्र परिवार को अलग-अलग प्रतिवर्ष 6000 रूपए तक का लाभ प्राप्त करने का अधिकार होगा। बशर्ते वे योजना के दिशा-निर्देशों के अनुसार पात्र हो। प्रत्येक परिवार को न्यूनतम 6,000 रूपए वार्षिक की वित्तीय सहायता सीधे उनके खाते में उपलब्ध कराई जाएगी। योजना की पात्रता शर्तों के तहत 'किसान परिवार' का अर्थ पति-पत्नी और अवयस्क बच्चों से है। यदि एक ही भूमि खाते से कई परिवार जुड़े हुए हैं, तो योजना का लाभ खाता संख्या से नहीं बल्कि परिवार की इकाई के आधार पर दिया जाएगा। इस प्रकार एक भूमि खाता साझा करने वाले अलग-अलग परिवारों को भी स्वतंत्र रूप से यह सहायता राशि प्राप्त होगी।

छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग
कार्यालय कार्यपालन अभियंता
जल संसाधन संभाग, बालोद (छ.ग.)
ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना
eProcurement Portal: https://eproc.cgstate.gov.in
(प्रथम आमंत्रण)

सिस्टम निविदा क्र. 175417/निविदा सूचना क्र. 03/वलेलि/2025-26, बालोद, दिनांक 15.09.2025

निम्नलिखित कार्यो के लिए दिनांक 06.10.2025 17:30 तक ऑन लाईन निविदाए आमंत्रित की जाती है:-

कार्य का नाम - बालोद जिले के विकासखण्ड डौण्डीलोहारा के खरखरा जलाशय के स्केप केनाल के दांयी ओर आर.डी. 30 मी. पर हेड स्लूस का निर्माण कार्य। (डिपाजिट मद के अंतर्गत)

अनुमानित लागत - रू. 23.01 लाख

अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेब साइट https://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक 22.09.2025 समय 17.31 बजे से देखे तथा डाउनलोड़ किये जा सकते है।

नोट : निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in पर नामांकित/पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य है।

G-252603533/2

कार्यपालन अभियंता
जल संसाधन संभाग,
बालोद (छ.ग.)

कार्यालय, कार्यपालन अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग बालोद

Phone No. :- 07749-222370, Email Id :- ee-res.balod@gov.in

(E-Tender) सूचना प्रथम बार

क्रमांक/ 07 /व.ले.लि./ग्रा.यां.से./2025-26 बालोद, दिनांक 12.09.2025

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के ओर से एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत लोक निर्माण विभाग में "डी"-वर्ग एवं उच्च श्रेणी में ठेकेदारों पंजीकृत ठेकेदारों से प्रपत्र-"अ" पर दर्शित कार्य हेतु प्रतिशत दर प्राप्त करने ऑनलाईन ई-निविदा दिनांक .29.09.2025 तक आमंत्रित की जाती है । कार्य पूर्ण करने की अवधि 08 माह वर्षा ऋतु सहित

| क्रमांक | कार्य का नाम एवं स्थल | ठेके की अनुमानित लागत लाख रू. में | धरोहर राशि रू. में |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | सर्व सामुदायिक सीता रसोई भवन निर्माण कार्य बड़ा जुगेंरा (विद्युतीकरण कार्य को छोडकर) टेण्डर न. 175476 | 59.26 | 59300/- |

उपरोक्त कार्य की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in में दिनांक 12.09.2025 से देखी जा सकती है ।

G- 252603477/3

कार्यपालन अभियंता
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग बालोद
जिला-बालोद (छ.ग.)

# संपादकीय

## आधार नागरिकता नहीं सिर्फ पहचान

विशेष गहन पुनरीक्षण के नाम पर बिहार में मतदाताओं को कई तरह के दस्तावेज जुटाने की आफत में में डाल रहे निर्वाचन आयोग को उच्चतम न्यायालय ने सख्त संदेश दे दिया है। इस बात से मतदाताओं को तो राहत मिलेगी साथ ही विपक्षी दलों के नेताओं की उन आशंकाओं पर भी कुछ विराम लगेगा जिससे उनमें बड़े पैमाने पर वोट काटे जाने की चिंता पैदा हो गई है। विपक्ष की आशंकाओं को आधार को निर्धारित दस्तावेजों की सूची में न रखने से बढ़ गई थी। शीर्ष अदालत ने निर्वाचन आयोग को स्पष्ट निर्देश दिया कि वह चुनावी राज्य बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) में मतदाता की पहचान सुनिश्चित करने के लिए 'आधार' को 12वें निर्धारित दस्तावेज के रूप में शामिल करे। अभी तक एसआईआर के लिए 11 दस्तावेज निर्धारित हैं जिन्हें मतदाताओं को अपने प्रपत्रों के साथ जमा करना है। यहां अदालत ने साफ कर दिया कि आधार को नागरिकता का प्रमाण नहीं माना जाएगा इसे सिर्फ पहचान के लिए स्वीकार किया जाए। आयोग को यह अधिकार दिया गया है कि मतदाता द्वारा प्रस्तुत आधार कार्ड की संख्या की वास्तविकता का पता लगा सकता है। अदालत के अनुसार यह साफ होना चाहिए कि केवल वास्तविक नागरिकों को ही मतदान करने की अनुमति हो। जाली दस्तावेज वालों को मतदाता सूची से बाहर रखा जाए। आयोग की दलील थी कि मसौदा मतदाता सूची में शामिल 7.24 करोड़ मतदाताओं में से 99.6 प्रतिशत ने दस्तावेज जमा कर दिए हैं और अब 'आधार' को 12वें दस्तावेज के रूप में शामिल करने के अनुरोध से कोई व्यावहारिक उद्देश्य पूरा नहीं होगा। शीर्ष अदालत ने आधार अधिनियम 2016 और जनप्रतिनिधित्व अधिनियम के प्रावधानों का हवाला दिया और कहा कि यह नागरिकता का प्रमाण नहीं है, लेकिन इसे पहचान के प्रमाण के रूप में स्वीकारा जा सकता है। आयोग ने सूचित किया था कि एसआईआर के तहत बिहार में तैयार की गई मसौदा मतदाता सूची में दावे, आपत्तियां और सुधार एक सितम्बर के बाद भी दायर किए जा सकते हैं, लेकिन मतदाता सूची को अंतिम रूप दिए जाने के बाद ही इन पर विचार किया जाएगा। मसौदा सूची में 65 लाख नाम कट चुके हैं। आयोग का कहना है कि इनमें मृत तथा स्थान बदल चुके लोग शामिल हैं तो विपक्ष का कहना है कि इनमें कोई अवैध प्रवासी या घुसपैठिया क्यों नहीं है जिनके नाम पर सारी कवायद की गई थी।

## सांप कभी दोस्त नहीं हो सकता

**हरिशंकर व्यास**

खास तौर पर वे हिंदू तो निश्चित ही, जो अपने को भारत माता का स्वयंसेवक कहते हैं तथा जो राष्ट्रवादी होने का दंभ भरते हैं। पर हां, जो लोग सर्वभूमि गोपाल में पृथ्वी को मनुष्यों का खुला मैदान मानने का मानवतावादी नजरिया लिए हुए हैं या प्रगतिशीलता के नेहरूवादी, माओवादी, नक्सली आइडिया में हिंदी-चीनी भाई-भाई का राग आलापते हुए चीन को समानता, सर्वहारा का मक्का समझते हैं, वे राष्ट्रद्रोह की कैटेगरी में नहीं रखे जाएंगे। इसलिए क्योंकि आखिर विचार और वैचारिक स्वतंत्रता में जीना मनुष्य होने का प्राथमिक लक्षण है। लेकिन जो स्वयंसेवक भारत माता के नाम पर रोहिंग्या या बांग्लादेशियों को समुद्र में फेंकने पर ताली बजाते हैं, या चौबीसों घंटे हिंदू-मुस्लिम राजनीति और पाकिस्तान पर निशाना साधते हुए वोट की राजनीति करते हैं, वे यदि चीन को दोस्त करार दे रहे हैं तो यह राष्ट्र से, मातृभूमि से वह गद्दारी है, जिसकी मिसाल दुनिया में ढूंढे नहीं मिलेगी! कैसे? तब बताएं दुनिया में दूसरा कौन सा ऐसा देश है जो 1947 की स्वतंत्रता से भारत की ज़मीन, भारत की आर्थिकी, भारत की गरिमा, भारत के मान-सम्मान व महत्व को खाता हुआ है जैसे चीन ने खाया है! यह गहरी और गंभीर बात है! इसलिए क्योंकि हिंदुओं की मोटी बुद्धि में पाकिस्तान ही अकेला शैतान है। लेकिन पाकिस्तान की दुश्मनी विभाजन के घाव, हिंदू-मुस्लिम इतिहास की ग्रंथि से है। फिर पाकिस्तान भारत से लगातार हारा हुआ देश है। भारत ने पाकिस्तान के दो टुकड़े किए हैं। जबकि माओ और कम्युनिस्ट पार्टी का जब से चीनी सभ्यता पर कब्ज़ा है वह भारत को खाता और उसका अपमान करता हुआ है। उसने न केवल भारत की भूमि पर कब्ज़ा किया है, बल्कि वह डंके की चोट लगातार अरुणाचल प्रदेश पर कब्ज़े का मंसूबा बताता है। चीन ने तिब्बत को खाया। भारत का बफ़र खत्म किया। भारतीय सीमा में घुस कर 1962 में अक्साई चिन, लद्दाख की कोई 38 हजार वर्ग किलोमीटर भारतीय भूमि कब्ज़े में की। (इसे हम भारतीयों ने लगभग भूला दिया है।) वहीं उसने 1963 से पाक-अधिकृत कश्मीर की शक्सगम घाटी/काराकोरम इलाके को भी पाकिस्तान से ले रखा है। और पूरे अरुणाचल प्रदेश के लगभग 90 हजार वर्ग किलोमीटर इलाके को वह अपना बताता है। यदि मान लें कि राष्ट्रवादी हिंदुओं की याद्दाश्त इतनी लंबी नहीं है तब हालिया सात से 10 मई 2025 (सिर्फ चार महीने पहले) का अनुभव तो याद रहना चाहिए। भारत ने ऑपरेशन सिंदूर में जो पाया उस पर चाहे जितना गौरव करें, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी, उनके सुरक्षा सलाहकार डोवाल, विदेश मंत्री जयशंकर, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, भारत की सेना तथा हर हिंदू राष्ट्रवादी इस तथ्य-सत्य को भला कैसे नज़रअंदाज़ कर सकता है कि पाकिस्तानी सेना के पीछे तब चीन सक्रिय था। भारत का एक लड़ाकू विमान तबाह हुआ हो पांच या सात विमान, लेकिन सबके पीछे तो चीन के पाकिस्तान को दिए गए लड़ाकू विमान, मिसाइलें, एयर डिफेंस व सेटेलाइट आदि का सपोर्ट (मतलब चीन ने सेटेलाइट निगरानी से भारत की कार्रवाई की पल-पल की लाइव खुफिया जानकारियां पाकिस्तान को दी) था। पिछले 78 वर्षों से चीन लगातार पाकिस्तान का सरपरस्त है। वह भारत के खिलाफ पाकिस्तानी आतंकियों की हरकतों का समर्थक है। 2009ङ्क2019 के बीच यूएन प्रतिबंध सूचीकरण की संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद् की सूची में आतंकी मसूद अज़हर को यूएनएससी 1267 पर सूचीबद्ध करने के प्रस्तावों पर चीन ने बार-बार तकनीकी बाधा डाली। बहुत मुश्किल से वह मई 2019 में आतंकी करार हुआ।

# आधुनिक भारत के शिल्पकार नरेन्द्र मोदी

**जन्म दिवस विशेष**



आज 17 सितंबर सदियों से हम देवताओं के युग शिल्पी भगवान विश्वकर्मा को उनके जयंती के रुप में इस दिन स्मरण करते आए हैं, और आज के ही दिन हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी का अवतरण दिवस भी है। लोकतांत्रिक युग के आधुनिक दौर में अपने सबल सतर्क और सतत नेतृत्व से दुनिया को अंचभित करने वाले प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी का कद वैश्विक स्वीकार्यता में अग्रणी है। 17 सितंबर का यूं तो पौराणिक महत्व है, निर्माण के देवता विश्वकर्मा जयंती के रुप में। परन्तु प्रकृति का कोई भी निर्णय महज संयोग नहीं होता उसके हर निर्णय में एक संदेश होता है, ऐसे ही जन्मतिथि 17 सितंबर को विराट पुरुष प्रधानमंत्री का जन्म महज संयोग ही नही संदेश भी है प्रकृति का। आधुनिक भारत के लोकतंत्र की अक्षुण्णता कायम रखते हुए इसे सबल भारत, श्रेष्ठ भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी। राष्ट्रप्रेम से ओत-प्रोत आधुनिक भारत में लोकतंत्र को सबल व सक्षम बनाये रखते हुए विभिन्न भाषा, धर्म, समाज के मध्य अपने संगठन की विचारधारा को स्थापित करने और निरंतर नेतृत्व प्रदान करने में सफल नेतृत्वकर्ता नरेन्द्र मोदी जी के व्यक्तित्व में छिपी खूबियों की आज दुनिया कायल है। नित्य नवीन वैश्विक चुनौतियों के मध्य सतत सक्रियता के साथ डटे रहना और हर चुनौती का सीना चौड़ा कर सामना करना वो सुखद अनुभूति है, जो नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में आज हर भारतवासी महसूस करता है। वर्षों तक परतंत्रता के बेड़ियों में जकड़े भारत वर्ष का हर नागरिक स्वतंत्र श्वांस की अनुभूति यूं तो विगत 78 वर्षों पूर्व 15 अगस्त 1947 से कर रहा है। परन्तु स्वतंत्र सत्ता में साहस, धैर्य के साथ गर्व की अनुभूति विशेषकर वैश्विक चुनौतियों के संदर्भ में आज राष्ट्र महसूस कर पा रहा है, तो उसके पीछे आज का नेतृत्व और सफल नेतृत्वकर्ता नरेन्द्र मोदी ही है।

लगभग 12 वर्ष पूरे हो रहे हैं, हिन्दुस्तान में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की नेतृत्व निरंतरता को, यह महज एक सांगठनिक निर्णय नही है वरन जनता के मजबूत विश्वास का श्रेष्ठ उदाहरण है। मोदीजी का व्यक्तित्व राजनैतिक निरंतरता के साथ-साथ सर्वोच्च पद पर आसीन होकर नैतिकता के साथ अपनी संस्कृति और धर्म की रक्षा करते हुए सक्रियता को सार्थक करने वाला है। व्यक्तिगत त्याग, उच्च नैतिक बल, स्पष्ट उद्देश्य के साथ मां भारती की सेवा में प्राण-प्रण से जुटे मोदी जी का व्यक्तित्व कठोरता के साथ लचीलापन लिए हुए पहचान का है। सभी वर्ग, समाज और बौद्धिकता को साथ लेकर चलने वाले मोदीजी के सर्वांगीण नेतृत्व में व्यक्तित्व की विशालता दिखती है, जब वो वर्षों तक मेहनत करने के बाद लक्ष्य हासिल कर पाने में चंद्रयान को भेज सकने में



असफल वैज्ञानिकों को असफलता में ढांढस बंधाते हैं। जब चंद अंको से वर्षो की तैय्यारी पदक से वंचित हो जाता है, जब पूरे प्रयास के बाद भी भारत विश्व विजेता बनने से चूक जाता है, या चंद अंक,समय विशेष में पदक से वंचित कर दे, उन्हे प्रेम से अपने पन से मानवीय मूल्यों की अनंत गहराईयों से ढांढस बंधाते हमने देखा है वही संवेदनशील मोदी जी विरोधियों की चुनौति पर वज्र बनकर कहर बरसना भी बखूबी जानते हैं ।

ताजातरीन पाकिस्तान द्वारा पहलगाम की हिमाकत पर हम ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से इसकी बानगी देखे हैं। पहले ऊरी, फिर पुलवामा हमले पर भयंकर प्रतिकार का निर्णय छेड़ने वालों को छोड़ने का नहीं उनके ही शब्दों को सार्थक करता है। जब उन्होंने कहा था भारत की वैश्विक पहचान शांति की है, वसुधैव कुटुम्बकम की है, इसे कायम रखते हुए हम ना ही विस्तारवाद या अन्य किसी कारण पर किसी भी मुल्क को छेड़ेंगे नहीं, और छेड़ने वालो को छोड़ेंगे भी नहीं । मोदी जी ने भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रप्रथम की विचारधारा को अपने सार्वजनिक जीवन पथ में लिए गए संकल्पों के साथ शब्दश: सार्थक किया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की भ्रष्टाचार एवं आतंकवाद पर जिरो टॉलरेंस की बातें सिर्फ बातें, नहीं वरन सार्थकता भी सर्वत्र दृश्य है, उनके नेतृत्व में विगत 12 वर्षों के कार्यकाल का आंकलन इसे साबित करता है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी का सम्पूर्ण व्यक्तित्व देश की धरा में बदलाव का ना सिर्फ साक्षी है, वरन भारत की संस्कृति व धर्म का वाहक भी है। आज सुखद संयोग है जब देश आजादी का अमृतकाल मना रहा है, राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ स्थापना का शताब्दी वर्ष मना रहा है हम अपने यशस्वी प्रधानमंत्री के 75वें जन्मदिन के अवसर पर उनके स्वस्थ शतायु दीर्घायु होने की कामना कर पा रहे हैं ।

मोदी जी का पूरा जीवन सतत प्रेरणा देने वाला रहा है। भारत को समृद्धि पथ गामी राष्ट्र बनाने में प्राणपण से जुटे गति में अन्य से अग्रणी राजनेता नरेन्द्र मोदी जी का बचपन घोर गरीबी में गुजरा है। पिताजी के साधारण से चाय की दुकान से बड़े परिवार का खर्च और निर्धन होने जैसी बाल्यकाल की परिस्थितियों का सामना करते मोदी जी ने हार नहीं मानी वरन अपने उदात्त चरित्रबल और साहस से न सिर्फ सभी बाधाओं को पार किया वरन सफलता के चरम शिखर तक स्वयं तो पहुंचे ही राष्ट्र को भी वैश्विक शिखर की दिशा देने में अग्रसर हैं। बाल्यकाल से लेकर राजनीति के शिखर तक आनेवाली हर चुनौती को, अवरोधों को अवसर में बदलने का विशेष हुनर रखने वाले मोदी जी जीवन समर को सदैव एक योद्धा सिपाही की भांति आगे कदम बढ़ाने के बाद कभी पीछे मुड़कर नहीं देखते, पराजय उन्हे स्वीकार्य नहीं ।

राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के स्वयं सेवक के जीवन में निस्वार्थता, सामाजिक दायित्वबोध, समर्पण एवं देशभक्ति के दायित्वों को स्थापित किया जाता है, उन्ही मानवीय गुणों से ओतप्रोत मोदी जी का व्यक्तित्व आज इन्ही खूबियों के साथ जीवंत है। राजनैतिक जीवन के शुरुआत में संघ से मिली शिक्षा, संस्कृति, आचार व्यवहार को पुरी दुनिया आज नरेन्द्र मोदी जी के सक्रियता के माध्यम से देख पा रही है, महसूस कर पा रही है।

भारत के हर नागरिक को गर्व और राष्ट्र के रुप में समृद्ध, सक्षमता का अहसास कराने में कामयाब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के परिवार के सदस्य आज भी सामान्य जीवन यापन कर रहे हैं। नरेन्द्र मोदी जी का मुख्यमंत्री का 12 से अधिक वर्षों का दायित्व निर्वहन और प्रधानमंत्री के रुप में 12 वर्ष का अनवरत कार्यकाल फिर भी परिवार का सामान्य जीवनयापन नैतिकता और ईमानदारी के उच्च मानदण्डों को जीने का ऐसा उदाहरण समूची दुनिया में अन्यत्र नहीं मिलेगा।

7 अक्टूबर 2001 को गुजरात के मुख्यमंत्री के रुप में शपथ लेने से लेकर आज की तारीख तक 25 वर्षों से अनवरत कार्यशील प्रधानमंत्री मोदी जी देश ही नही वरन वैश्विक राजनीति को भी दशा दिशा देने में कामयाब रहे हैं । 2014 में जब देश में चंहु ओर तत्कालीन यूपीए सरकार के घोटालों और भ्रष्टाचार के चलते जनमानस में नैराश्य की भावना व्याप्त थी, नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में देश में 30 वर्षों बाद पूर्ण बहुमत की सरकार बनना वह भी बीजेपी के 282 सीटों के साथ देश मे बदलाव के चमत्कारिक बयार की शुरुआत थी। सबका साथ सबका विकास का नारा देने वाले नरेन्द्र मोदी जी ने इसे अपने कार्यों से साबित भी किया है। अपने पहले शपथ ग्रहण में सार्क देशों के साथ साथ पाकिस्तान के प्रधानमंत्री को आमंत्रित कर दुनिया को स्पष्ट संदेश दे दिया था सबको साथ लेकर चलने का।

हिन्दुस्तान की जनता को भारत के 14वें प्रधानमंत्री के शपथ ग्रहण के साथ ही जो उम्मीदें थीं वह कर्मयोगी नरेन्द्र मोदी की सतत कर्म निरंतरता से पूरी होने लगी और उम्मीदें विश्वास में तब्दील होकर जनमानस की आकांक्षाओं में वृद्धि करने लगी। मोदी जी द्वारा प्रथम कार्यकाल में लिये गये निर्णय विदेशी व्यवसायों का भारत में निवेश, नियम एवं परमिट्स में लचीलापन की पहल जिससे व्यवसाय में जटिलता ना हो, सामाजिक कल्याण, चिकित्सा, शिक्षा के क्षेत्र में सम्पूर्ण ध्यान देते हुए महिलाओं की सुरक्षा एवं आत्मनिर्भता नोटबंदी एवं जीएसटी लागू करने जैसे महत्वपूर्ण निर्णय आज के भारत के लिए ऐतिहासिक बन पड़ा । इसीलिए देश की जनता ने उनके नेतृत्व में 2019 में 2014 से भी बड़ी जीत का पारितोषिक दिया। मोदी जी की कुशल नेतृत्व निरंतरता ने दूसरे कार्यकाल में ट्रीपल तलाक, अनुच्छेद 370 हटाने एवं राम मंदिर निर्माण जैसे वृहत कठिन प्रतीत आकांक्षाओं के पूर्ण होने में कारगर भूमिका निभाई। सर्जिकल,स्ट्राईक,एयर स्ट्राईक व आपरेशन सिंदूर के माध्यम से सीमा पार की चुनौतियों पर कहर बनकर बरसने वाले मोदी जी के कदम व निर्णय द्रुतगामी हो, ताकि हिन्दुस्तान के 130 करोड़ भारतवासियों का गर्व अक्षुण्ण बना रहे। इन्ही आकांक्षाओं के साथ मां भारती की सेवा में रत वीर सपूत प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के लिए ईश्वर से प्रार्थना है कि उन्हे स्वस्थ दीर्घायु जीवन, प्रदान करे।

2013 में नरेन्द्र मोदी जब देशव्यापी नैराश्य के अंधकार को दूर करने की दिशा में आगें बढ़े और संगठन ने उन्हे देश की दशा बदलने का दायित्व सौंपा तब छत्तीसगढ़ राज्य में तत्कालीन मुख्यमंत्री डा. रमन सिंह के नेतृत्व में निकली विकास यात्रा का समूचे प्रदेश से गुजरकर अंबिकापुर में समापन होना था। तत्कालीन सरकार के महत्वपूर्ण मंत्रालय के दायित्व निर्वहन के साथ मैं साक्षी बना उस हुंकार का जो अंबिकापुर में विकास यात्रा के समापन कार्यक्रम में प्रतीकात्मक लाल किले के मंच से प्रारंभ हुई थी। मोदी जी की हुंकार श्रेष्ठ भारत निर्माण की दिशा में सदैव आगे बढ़ता रहे। लाल किले की प्राचीर से चिरकाल तक आधुनिक भारत के शिल्पी पुरी दुनिया को भारत की श्रेष्ठता का संदेश देते रहें इन्ही कामनाओं के साथ देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी को दीर्घायु होने की शुभकामनाओं सहित जन्मदिन की बधाईयां।


**रामविचार नेताम**
**मंत्री छत्तीसगढ़ शासन**
**कृषि एवं आदिम जाति कल्याण विभाग**

# नरेंद्र मोदी होना आसान नहीं है

**राजेश कुमार पासी**

नरेन्द्र दामोदरदास मोदी का नाम आज पूरी दुनिया में गूंज रहा है, भारत में बच्चे-बच्चे के मुंह पर मोदी का नाम चढ़ गया है । कितने ही देशों में जनता की मांग होती है कि उन्हें भी मोदी जैसा नेता चाहिए । हमारा पड़ोसी वैसे तो मोदी से बहुत नफरत करता है लेकिन पाकिस्तानी जनता भी चाहती है कि उनके पास भी मोदी जैसा कोई नेता हो । 17 सितंबर, 1950 को मोदी का जन्म एक गरीब परिवार में हुआ । एक गरीब परिवार से निकलकर देश की सर्वोच्च सत्ता पर पहुंचना आसान नहीं रहा होगा । 17 वर्ष की आयु में उनका विवाह जशोदाबेन से किया गया लेकिन विवाह के पश्चात वो अपने परिवार और घर को छोड़ कर देशसेवा के लिए निकल गए । उन्होंने संघ प्रचारक रहते हुए 1983 में गुजरात विश्वविद्यालय से राजनीति विज्ञान में स्नातकोत्तर की उपाधि हासिल की । बचपन में चाय बेचने वाले बच्चे ने संघ प्रचारक के रूप में पूरे देश का भ्रमण किया । यही कारण है कि उन्हें पूरे देश की जनता की नब्ज का पता है । उन्हें देश की समस्याओं को समझने के लिए किसी अधिकारी और विशेषज्ञ की जरूरत नहीं पड़ती । उनकी योजनाएं लीक से हटकर होती हैं । मोदी को गरीबी समझने के लिए किताबी ज्ञान की जरूरत नहीं है, उन्होंने गरीबी को जीया है । यही कारण है कि उनकी योजनाओं से गरीबों की जिन्दगी में जो बदलाव आया है, वो बदलाव पिछले 70 साल की सरकारें भी नहीं कर पाई । देश का प्रधानमंत्री स्वतंत्रता दिवस के मौके पर लाल किले से राष्ट्र के नाम संबोधन में पूरे देश में शौचालय बनाने की घोषणा करता है । ये देखने में बड़ा अजीब लग सकता है और इसका मजाक भी बनाया गया लेकिन गरीब महिलाओं के लिए शौचालय का क्या मतलब होता है, ये वही जान सकता है, जिसने उनके जीवन को करीब से देखा है । मोदी सरकार की योजनाओं का सबसे ज्यादा फायदा महिलाओं को हुआ है । मोदी सरकार की ज्यादातर योजनाएं महिलाओं को ही ध्यान में रखकर बनाई गई हैं । यही कारण है कि महिलाओं में मोदी का एक बड़ा समर्थक वर्ग खड़ा हो गया है ।

मोदी ने संघ के प्रचारक से राजनीति में प्रवेश किया लेकिन उन्होंने राजनीति को सत्ता प्राप्ति नहीं बल्कि सेवा का माध्यम माना । यही कारण है कि वो खुद को देश का शासक नहीं बल्कि प्रधान सेवक मानते हैं । स्वयंसेवक से प्रधान सेवक का सफर आसान नहीं रहा होगा, मोदी जैसा व्यक्तित्व ही ऐसा सफर पूरा कर सकता है । संघ से उन्हें निस्वार्थता, सामाजिक दायित्व बोध, समर्पण, सेवा, त्याग और देशभक्ति के



विचारों को आत्मसात करने का अवसर मिला । 1974 में भ्रष्टाचार के खिलाफआंदोलन में उन्होंने हिस्सा लिया और 1975 में आपातकाल के दौरान भी अपना योगदान दिया । संघ के निर्देश पर 1987 में उन्होंने भाजपा में प्रवेश करके राजनीति की मुख्यधारा में कदम रखा । एक साल बाद पार्टी ने उनकी योग्यता को देखते हुए गुजरात की राज्य इकाई का प्रदेश महामंत्री बना दिया । उनकी मेहनत और रणनीति के कारण 1995 में भाजपा को गुजरात विधानसभा में पूर्ण बहुमत की सरकार बनाने का मौका मिला । 2001 में गुजरात के भूकंप के बाद तत्कालीन मुख्यमंत्री केशुभाई पटेल के खिलाफपार्टी में असंतोष भड़क गया । इस असंतोष को देखते हुए भाजपा हाईकमान ने गुजरात की कमान मोदी जी को सौंपने का निर्णय लिया । 7 अक्तूबर 2001 को मोदी जी ने गुजरात के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली । मुख्यमंत्री बनने के बाद उन्होंने गुजरात के भूकंप पीड़ितों के लिए बड़े कार्यक्रम चलाए और उनके पुनर्वास की व्यवस्था की । 2002 में गुजरात में गोधरा कांड हो गया, जिसमें 59 कारसेवकों को रेल के डिब्बे में बंद करके जलाकर मार दिया गया । इसकी प्रतिक्रिया में गुजरात में दंगे हो गए, जिसमें 1200 लोग मारे गए । इसके बाद हुए गुजरात विधानसभा चुनाव में मोदी ने पूर्ण बहुमत की सरकार बनाई । इसके बाद 2007 और 2012 में मोदी के नेतृत्व में गुजरात में भाजपा की सरकार बनी । गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में काम करते हुए उनके गुजरात मॉडल की पूरे देश में चर्चा होने लगी । गुजरात के विकास को देखते हुए उन्हें विकासपुरूष कहा जाने लगा । उनकी योजनाओं की पूरे देश में चर्चा होने लगी । ज्योतिग्राम योजना के जरिये उन्होंने गांव-गांव तक बिजली पहुंचा दी । गुजरात में गांव-गांव तक पानी पहुंचाने की व्यवस्था की । गुजरात की कानून-व्यवस्था की चर्चा भी देश में होने लगी । उनकी लोकप्रियता को देखते हुए ही भाजपा ने उन्हें 2014 के लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री पद का उम्मीदवार घोषित कर दिया ।

2014 में उनकी लोकप्रियता का ये आलम था कि मनमोहन सिंह के रहते हुए ही उन्हें प्रधानमंत्री मान लिया गया था । मोदी की सबसे बड़ी विशेषता है कि वो हमेशा बड़े लक्ष्य रखते हैं और फिर उन्हें हासिल करने के लिए दिन-रात मेहनत करते हैं । उन्होंने 2014 में भाजपा के लिए 272 सीटें हासिल करके पूर्ण बहुमत की सरकार बनाने का लक्ष्य रखा था । राजनीतिक विश्लेषक, विपक्षी दल और भाजपा के नेताओं को भी यह विश्वास नहीं था कि भाजपा 272 सीटें जीत सकती है लेकिन मोदी ने 282 सीटें जीतकर सबको अचंभित कर दिया । इसके बाद 2019 में उन्होंने 303 सीटें जीतकर पुराना रिकॉर्ड तोड़ दिया । 2024 में मोदी के नेतृत्व में भाजपा को 240 सीटें मिली लेकिन मोदी तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री बन गए । मोदी के प्रधानमंत्री बनने से पहले ही कुछ राजनीतिक विश्लेषकों और विपक्षी नेताओं का कहना था कि मोदी अगर प्रधानमंत्री बन गए तो उनको इस पद से हटाना बहुत मुश्किल होगा। प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के बाद मोदी देश पर लगातार सबसे ज्यादा शासन करने वाले नेता बन गए हैं। नेहरू जी के सामने विपक्ष नाममात्र का था लेकिन मोदी एक शक्तिशाली विपक्ष के रहते यह कारनामा करने में सफल हुए हैं। कोई नहीं कह सकता कि मोदी कब तक देश के प्रधानमंत्री बने रहेंगे क्योंकि उनकी लोकप्रियता में कोई कमी नहीं आ रही है । 75 साल की उम्र होने पर भी वो पूरी तरह से स्वस्थ हैं और पूरी ताकत से काम कर रहे हैं। मोदी सत्ता को जनता द्वारा दी गई जिम्मेदारी मानते हैं, इसलिए कहते हैं कि वो जनता के कल्याण के लिए परिश्रम की पराकाष्ठा करेंगे और वो कर भी रहे हैं । 13 साल मुख्यमंत्री और 11 साल प्रधानमंत्री के पद पर रहते हुए उन्होंने एक भी छुट्टी नहीं ली है । रोज 20 घंटे तक काम करना उनकी आदत है । जनता को वो अपना भगवान मानते हैं और उसकी सेवा को अपना धर्म मानते हैं । यही कारण है कि वो जनता से हमेशा जुड़े रहते हैं और उन्हें ऐसा करने के लिए मीडिया की जरूरत नहीं है । जनता से जुड़ने के लिए पूरे देश का भ्रमण और सोशल मीडिया को वो इस्तेमाल करते हैं । जहां वो गरीबों की समस्याओं को समझते हैं, वही वो उद्योगपतियों की समस्याओं की भी खबर रखते हैं । गरीबों से प्यार करते हैं लेकिन अमीरों से नफरत नहीं करते । देश के इतिहास, भूगोल, संस्कृति और धर्म की उन्हें गहरी समझ है, इसलिए उन्हें उनके समर्थक हिन्दू हृदय सम्राट कहते हैं । जहां जनता वीआईपी कल्चर से परेशान हैं, वहीं मोदी जी ने मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री बनने के बाद परिवार से दूरी बनाए रखी है । उनके भाई-बहन और अन्य परिजन निम्न मध्यवर्गीय जीवन बिता रहे हैं । उन्होंने अपने पद का इस्तेमाल अपने परिजनों के लिए कभी नहीं किया है । जनता पर मोदी इतना ज्यादा विश्वास करते हैं कि नोटबंदी और जीएसटी लागू करने जैसा मुश्किल फैसला किया । जनता ने उनके विश्वास को कायम रखा है क्योंकि वो मानती है कि मोदी की नीतियां गलत हो सकती हैं लेकिन उनकी नीयत कभी गलत नहीं हो सकती । 2014 से पहले पाकिस्तान के आतंकवादी हमलों के बावजूद उसके खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं की गई लेकिन मोदी ने सर्जिकल स्ट्राइक, एयर स्ट्राइक और फिर ऑपरेशन सिंदूर करके पाकिस्तान को संदेश दे दिया कि आतंकवादी हमले की उसे बड़ी कीमत चुकानी होगी । जिस चीन से डर कर हम सीमा पर सड़क भी नहीं बना रहे थे, मोदी ने उस सीमा पर सेना के लिए पूरा बुनियादी ढांचा तैयार कर दिया है । जो देश हथियारों का सबसे बड़ा आयातक था, आज उनके नेतृत्व में भारत हजारों करोड़ के हथियार निर्यात कर रहा है ।

आईटी सुपरपॉवर बना देश अब मैन्युफैक्चरिंग हब बनने की तैयारी कर रहा है । अपनी कल्याणकारी योजनाओं के कारण ही मोदी ने पूरे देश में भाजपा के लिए एक बड़ा वोट बैंक तैयार कर लिया है । आज हम अशांत पड़ोसियों से घिरे हुए देश हैं. जहां श्रीलंका, म्यांमार और पाकिस्तान राजनीतिक अस्थिरता से गुजर रहे हैं, वहीं बांग्लादेश और नेपाल में हिंसक क्रांति के बाद सत्ता परिवर्तन हो चुका है । प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था बना हुआ है । मोदी ने भारत को 2047 तक विकसित देश बनाने का लक्ष्य तय किया है और उसी ओर देश को ले जा रहे हैं। ये भारत की जनता और ग्लोबल मीडिया के लिए आश्चर्य का विषय था कि जो व्यक्ति 13 साल से गुजरात का सीएम था, वो प्रधानमंत्री बनने के बाद जब अपनी मां से मिलने जाता है तो एक छोटे से सरकारी मकान के छोटे कमरे में उसकी मां रहती है । जिस देश में कोई विधायक बन जाए तो पूरा परिवार पैसों में खेलने लगता है । मोदी जैसा नेता कभी-कभी आता है क्योंकि सत्ता के शीर्ष पर पहुंच कर जनता का सेवक बने रहना आसान नहीं है। मोदी होना इसलिए भी आसान नहीं है क्योंकि शासक बन जाने के बाद सत्ता सिर पर चढ़ कर बोलती है। लगातार 24 साल तक सत्ता में रहने के बाद भी बेदाग बने रहना आसान नहीं है।

## संक्षिप्त समाचार

### साइबर जागरूकता अभियान: ग्रामीणों और छात्रों को दी साइबर ठगी से बचाव की जानकारी



**दंतेवाड़ा (समय दर्शन)।** सिटी कोतवाली पुलिस ने पुलिस अधीक्षक गौरव राय और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राम कुमार बर्मन के मार्गदर्शन में साइबर संगवारी कार्यक्रम के तहत पोंदुम साप्ताहिक बाजार और शासकीय महाविद्यालय दंतेवाड़ा में साइबर जागरूकता अभियान चलाया। थाना प्रभारी धनंजय सिन्हा के नेतृत्व में ग्रामीणों और छात्र-छात्राओं को साइबर ठगी के नए तरीकों, बचाव के उपायों और ठगी होने पर त्वरित कार्रवाई की जानकारी दी गई। कार्यक्रम का उद्देश्य सुरक्षित इंटरनेट उपयोग और डिजिटल आदतों को बढ़ावा देकर नागरिकों को साइबर अपराधों से सुरक्षित करना है। अभियान में सउनि. गुरूवन्ता बर्गे, नरेंद्र भारती, शिवनाथ सिन्हा सहित अन्य पुलिसकर्मियों का विशेष योगदान रहा।

### बलात्कार के आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा गया जेल, 2019 से विवाहित महिला को शादी करने झांसा देकर करता रहा शोषण



**भानुप्रताप साहू/ बालोद।** क्षेत्र के प्रार्थी (गुमनाम) ने 14 सितंबर को रिपोर्ट दर्ज कराया कि इसे थाना क्षेत्र के आरोपी नीलकंठ यादव उर्फ नीलू यादव द्वारा वर्ष 2019 में शादी करने का झांसा देकर जबरदस्ती शारीरिक संबंध बनाया था, उसके बाद लगातार पीड़िता का शारीरिक शोषण करता रहा। इस दौरान पीड़ित महिला 04 माह की गर्भवती होने पर आरोपी द्वारा उसे अपना बच्चा नही है कहते हुए शादी करने से इंकार कर दिया, जिससे प्रताड़ित होकर थाना गुरूर में अपनी आप बीती बताते हुए लिखित आवेदन के आधार पर भारतीय न्याय संहिता की धारा 69 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण की कायमी पष्चात प्रकरण की गंभीरता को ध्यान में रखते हुए पुलिस अधीक्षक योगेष कुमार पटेल के नेतृत्व में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मोनिका ठाकुर के निर्देषन तथा एस.डी.ओ.पी. गुरूर बोनीफॉस एक्का के पर्यवेक्षण पर थाना गुरूर से विषेष पुलिस टीम गठित कर थाना प्रभारी गुरूर सुनील तिर्की द्वारा आरोपी नीलकंठ उर्फ नीलू यादव को उसके घर से आज दिनांक 15 सितंबर को गिरफ्तार कर वैधानिक कार्यवाही करते हुए न्यायिक रिमाण्ड पर न्यायालय बालोद भेजा गया, जिसे माननीय न्यायालय के आदेष पर जिला जेल बालोद में निरूद्ध किया गया है। उक्त प्रकरण में आरोपी की गिरफ्तारी एवं विवेचना में निरीक्षक सुनील तिर्की थाना प्रभारी गुरूर, सउनि कुलेष्वर यादव, म.प्र.आर. लैनी ठाकुर, म.आर. महेष्वरी उईके, आरक्षक कोमल साहू, पिताम्बर निषाद, एवं दिनेष नेताम थाना गुरूर का सराहनीय भूमिका रही।

### मलाबार ग्रुप ने डब्ल्यूएचओ इंडिया के साथ मिलकर शुरू किया 'नर्चरिंग बीगिनिंग्स' प्रोजेक्ट

**मुंबई:** मलाबार ग्रुप ने अपनी सामाजिक जिम्मेदारी कोआगे बढ़ाते हुए डब्ल्यूएचओ इंडिया के साथ मिलकर एक नया सीएसआरप्रोजेक्ट 'नर्चरिंग बीगिनिंग्स' शुरू किया है. इस प्रोजेक्ट का मकसद शहरोंकी गरीब बस्तियों में रहने वाली मांओं और बच्चों को बेहतर पोषण औरस्वास्थ्य सेवाएं देना है. साथ ही इसका उद्देश्य बच्चों के मानसिक औरबौद्धिक विकास को बढ़ावा देना भी है. इसके लिए मलाबार ग्रुप के कोझिकोड, कुट्टिकट्टूर स्थित मुख्यालय में एकसमझौते पर हस्ताक्षर किए गए. इस मौके पर डब्ल्यूएचओ इंडिया केप्रतिनिधि डॉ रोडेरिको एच ओफ्रिन, डब्ल्यूएचओ के नेशनल प्रोफेशनलऑफिसर डॉ बी मुहम्मद अशील, मलाबार ग्रुप के चेयरमैन एमपी अहमद, मलाबार गोल्ड एंड डायमंड्स के मैनेजिंग डायरेक्टर (इंडिया ऑपरेशंस) अशर ओ, ग्रुप एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर निशाद एके, एनजीओ 'थनल' केचेयरमैन डॉ वी इदरीस, मलाबार ग्रुप के सीनियर डायरेक्टर्स और अन्यगणमान्य लोग मौजूद थे.

# सरस्वती साइकिल योजना छात्राओं के लिए बनी वरदान, समय पर स्कूल पहुंचना होगा अब और आसान

**सरायपाली नृपनिधी पाण्डेय (समय दर्शन)-** शासकीय आदर्श उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सरायपाली में जिला शिक्षा अधिकारी महासमुन्द विजय कुमार लहरे के निर्देशन में कक्षा नवमीं की बालिकाओं को नि:शुल्क सरस्वती साइकिल योजना के तहत स्कूल शिक्षा विभाग से प्राप्त साइकिलों का वितरण अतिथियों द्वारा किया गया .

इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि वार्ड पार्षद बंशीगोपाल चंद्रा, अध्यक्षता एसएमडीसी अध्यक्ष अमरनाथ झा ने किया।




इस अवसर पर अतिथियों द्वारा प्राचार्य जगदीश प्रसाद पटेल एवं स्टॉफ की गरिमामई उपस्थिति में स्कूली छात्राओं को चाबी सौंपकर साइकिल प्रदान किया गया ।

मुख्य अतिथि वार्ड पार्षद बंशीगोपाल चंद्रा ने कहा कि यह शासन की महत्त्वपूर्ण योजना है जिससे बेटियों की शिक्षा को लगातार बढ़ावा मिल रहा है,यह बालिकाओं के सपनों को साकार करने में सहायक सिद्ध हो रहा है।आज बालिकाओं को चाबी सौंपते हुए मुझे काफ़ी खुशी हो रहा है।

अध्यक्षता कर रहे एसएमडीसी अध्यक्ष अमरनाथ झा ने बताया कि यह महत्वाकांक्षी योजना है जो न सिर्फ बेटियों को स्कूल आने-जाने में मदद करती है बल्कि इससे बेटियों की शिक्षा की राह भी आसान होती है और बालिकाओं की प्रगति में सहायक है। प्राचार्य जे.पी.पटेल ने बताया कि साइकिल पाकर छात्राओं के चेहरे पर मुस्कान देखकर काफ़ी प्रसन्नता होती है। इस अवसर पर पालकों सहित संस्था में सेवारत व्याख्याता- रवीन्द्र कुमार पटेल,आनन्द कुमार भोई,जोगीलाल पटेल,घनश्याम दीप,प्रधान पाठक (मिडिल स्कूल)मनोज कुमार चौधरी,शिक्षक राजकुमार पटेल, सुनील कुमार दास,दिनेश कुमार पटेल,रितेश सिदार आदि उपस्थित रहे।

## विश्व हिंदू परिषद-बजरंग दल का जिला प्रशिक्षण वर्ग संपन्न, पथ संचलन में दिखा युवा जोश



**राजनांदगांव (समय दर्शन)।** माई बम्लेश्वरी की पावन नगरी डोंगरगढ़ में विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के संयुक्त तत्वावधान में दो दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन हुआ। कच्छ गुर्जर गुजराती भवन में आयोजित इस शिविर में जिले के विभिन्न खंड और प्रखंडों से पहुंचे बजरंगियों ने हिस्सा लिया। प्रशिक्षण वर्ग में युवाओं को राष्ट्र, धर्म, संस्कृति और संगठन के सिद्धांतों की जानकारी दी गई।

प्रशिक्षण वर्ग के पहले दिन उद्घाटन सत्र में बजरंग दल के प्रांत संयोजक शुभम नाग मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने युवाओं को समाज और राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों को समझने की प्रेरणा दी। दूसरे सत्र में प्रांत सहमंत्री नंदूराम साहू ने युवाओं को संगठन की कार्यशैली और भूमिका के बारे में विस्तार से बताया।

प्रशिक्षण वर्ग के समापन अवसर पर समरसता भोज का आयोजन किया गया, जिसमें सभी कार्यकर्ताओं ने एक साथ भोजन कर सामाजिक समरसता का संदेश दिया। इसके बाद नगर में बजरंग दल द्वारा पथ संचलन निकाला गया, जिसमें बड़ी संख्या में युवा शामिल हुए। संचलन में अनुशासित स्वरूप और देशभक्ति नारों के साथ नगरवासियों का ध्यान आकर्षित किया गया।

शिविर में विहिप विभाग मंत्री अनुप श्रीवास, सह मंत्री प्रशांत दुबे, बजरंग दल विभाग सह संयोजक सुनील सेन, विहिप जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश अग्निहोत्री, उपाध्यक्ष तरुण हथेल, जिला मंत्री त्रिगुण सदानी, जिला सह मंत्री राजेंद्र सिंह, बजरंग दल जिला संयोजक राहुल बल्देव मिश्रा, सह संयोजक हनी गुप्ता, सामाजिक समरसता प्रमुख बाबाजी बौद्ध, विशेष संपर्क प्रमुख लाल मुनाई सिंह समेत अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

प्रशिक्षण वर्ग के दौरान प्रतिभागियों के आवास और भोजन की समुचित व्यवस्था डोंगरगढ़ प्रखंड के कार्यकर्ताओं द्वारा की गई। नगर विहिप अध्यक्ष बालमुकुंद तराने, मंत्री अभिषेक साहू, प्रचार प्रमुख विमल अग्रवाल, नगर संयोजक ऋषभ डकाहा, सह संयोजक गौरव अग्रवाल, विद्यार्थी प्रमुख कौशल महोबिया और सह प्रमुख भावेश तराने ने आयोजन को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाई।

पथ संचलन कार्यक्रम में नगर के गणमान्य नागरिकों ने भी उपस्थित रहकर युवाओं का उत्साहवर्धन किया। इनमें विश्वनाथ यादव, राजेश दम्मानी, शशिकांत द्विवेदी, कुशाल चावड़ा, अमित जैन, प्रफुल्ल चावड़ा, अशोक चावड़ा, हिमांशु वेगड़, डॉ. राजेश राघोर्ते, जिज्ञाशू टांक, डॉ. प्रभाजन सिंह, मुकुंद मोहन साहू, सौरभ फुले, मुरली साहू, डॉ. महेश तिवारी और पीयूष मलागर प्रमुख रूप से शामिल रहे।

कार्यक्रम के अंत में विहिप और बजरंग दल की ओर से सभी प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष सहयोगियों का आभार प्रकट किया गया, जिन्होंने आयोजन को सफल बनाने में सहयोग प्रदान किया।

## नैला के व्यापारी अरुण अग्रवाल से 10 लाख रुपए की लूट का पर्दाफाश !

### प्रेस कांफ्रेंस के दौरान पुलिस ने किया खुलासा......

### समाजसेवी राजेश पालीवाल के नेतृत्व में पुलिस अधीक्षक विजय पाण्डेय और टीम को दिए बधाई......



**जांजगीर-चांपा ।** नैला थाना अंतर्गत दिनांक 06 सितंबर,2025 की रात्रि करीबन 09.15 बजें एक व्यापारी को अज्ञात आरोपियों द्वारा चाकू दिखाकर लगभग 10 लाख रुपए लूटकर भागने के मामले में दिनांक 14 सितंबर को मध्यान्ह 12:00 बजे पुलिस कार्यालय , जांजगीर में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया, जिसमें प्रिंट व इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के लोगों को आमंत्रित किया गया था ।

गौरतलब हैं कि व्यापारी अरुण अग्रवाल अपनी दुकान से दुकानदारी कर बैग में लाखों रुपए इकट्ठा कर स्कूटी से घर जाने के लिए निकला ही था कि मास्टर माइंड आरोपी ने अपने अन्य साथियों को फोन से सूचना दिया जो कि पहले से ही घटना को अंजाम देने के लिए छिपकर प्रतीक्षा कर रहे थे । रात्रि 9: 15 बजें के आस-पास नैला गली के पास पहुंचा ही था कि पहले से ही लूट-पाट की घटना को अंज़ाम देने के लिए मौजूद थे इस दौरान व्यापारी जैसे ही गली की तरफ पहुंचा तब छिपकर खड़े आरोपियों ने उसे स्कुटी से गिराकर और चाकू दिखाकर बैग में लाखों रुपए को लेकर फरार हो गए । सूचना मिलने पर तत्काल पुलिस अधीक्षक विजय पाण्डेय सहित अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश कश्यप तथा सीएस पी श्रीमति कविता ठाकुर घटना-स्थल पर निरीक्षण करने पहुंचे और तमाम पहलुओं की बारीकी से जांच करने लगे और अंतत: व्यापारी के दुकान में काम करने वाले मास्टर माइंड और आदतन बदमाश मुकेश सूर्यवंशी तथा नितेश पंडित ऊर्फ विक्की को पुलिस ने आखिरकार घेराबंदी कर पकड़ा। कड़ाई से पूछताछ करने पर 17 दिन पहले अपने 4 साथियों के साथ मिलकर घटना को अंज़ाम देने के बाद फरार होना स्वीकारा । इस दौरान पुलिस ने लूट की रकम 10 लाख,44 हजार रुपए तथा घटना में प्रयुक्त समान को बरामद कर आरोपियों को जेल भेजा गया।

**एसपी विजय पांडे को समाजसेवी राजेश पालीवाल साथियों सहित बधाई देने पहुंचे....** पुलिस अधीक्षक विजय पाण्डेय एवं उनकी टीम के द्वारा 10 लाख 44 हजार रुपए की लूट की घटनाओं का पर्दाफश करने पर बधाई देने राजेश पालीवाल के नेतृत्व में भाजपा जिला उपाध्यक्ष पंकज अग्रवाल, प्रदीप गोयल ,मनोज गुप्ता, किशोर गुप्ता, विक्रम पालीवाल ,संदीप शर्मा ,प्रदीप सोनी ,अमित मित्तल, अंकित बसईवाल ,चिंटू शर्मा ,संजय भोपालपुरिया सहित माता रानी के अनेक सेवक उपस्थित रहे द्य

## वोट चोर गद्दी छोड़ जनसभा की तैयारी को लेकर दक्षिण ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की बैठक संपन्न

**राजनांदगांव।** शहर दक्षिण ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की आवश्यक बैठक ब्लॉक अध्यक्ष सूर्यकांत जैन की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में आगामी 18 सितंबर को आयोजित होने वाली कांग्रेस की वोट चोर गद्दी छोड़ जनसभा एवं वोटर न्याय यात्रा को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में शहर कांग्रेस संगठन प्रभारी बृजेश शर्मा और शहर कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर छाबड़ा भी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

बैठक में तय किया गया कि स्तंभ चौक में आयोजित होने वाली इस ऐतिहासिक जनसभा में कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव एवं छत्तीसगढ़ प्रभारी सचिन पायलट, प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव सहित अन्य वरिष्ठ नेता जनता को संबोधित करेंगे।

ब्लॉक अध्यक्ष सूर्यकांत जैन ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि यह आंदोलन लोकतंत्र की रक्षा, मतदाता अधिकार और जनभावनाओं के सम्मान के लिए है।



प्रत्येक कांग्रेस कार्यकर्ता को इसमें सक्रिय भागीदारी निभानी है ताकि जनसभा ऐतिहासिक और प्रभावी सिद्ध हो।

बैठक में मंडल एवं सेक्टर प्रभारियों के साथ कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा की गई और हर स्तर पर जिम्मेदारी तय की गई। उपस्थित कांग्रेसजनों ने कार्यक्रम को लेकर अपने-अपने सुझाव भी दिए और जिम्मेदारियों को निभाने की प्रतिबद्धता जताई।

इस बैठक में डॉ. राकेश कुमार, जितेन्द्र शर्मा, अवधेश प्रजापति, राजेश चौहान, संदीप सोनी, करीम मेमन, अनिल ठाकुर, मोहसिन कुरैशी, हर्ष खोब्रागढ़े, साबिर जिंद्रान, रूपेश साहू, खिलेश बंजारे, हनीफ मेमन, दीपेश श्रीवास, रहीम मेमन, अजहर रजवी, सतीश, अरशद, मोहन चुनुरकर, अनीश जैन सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन मौजूद रहे।

## कलर्स प्रस्तुत करता है 'बिंदी' – माँ को जेल से आज़ाद कराने की बेटी की जंग की भावुक कहानी

कहते हैं माँ का प्यार सबसे अंधेरे कारागार को भी घर बना देता है। अपनी दमदार, सच्ची और जिंदादिल कहानियों की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए, कलर्स लेकर आ रहा है 'बिंदी' — न्याय के लिए बेटी की लड़ाई की गाथा। जेल की चारदीवारी में जन्मी और पली-बढ़ी बिंदी की पूरी दुनिया उसकी माँ काजल है, जिनका अटूट स्नेह लोहे की सलाखों को भी उम्मीद और प्यार के आशियाने में बदल देता है। लेकिन जब क़ानून बिंदी को उसकी माँ से अलग कर बाहर की दुनिया में धकेल देता है, तो उनकी नाज़ुक खुशियाँ बिखर जाती हैं। मथुरा की पृष्ठभूमि पर आधारित यह कहानी एक मासूम बच्ची की है, जो पहली बार एक अराजक और शत्रुतापूर्ण दुनिया से रूबरू होती है। जल्द ही अतीत के परदे उठते हैं और बिंदी को पता चलता है कि उसके पिता अविराज ने लालच में आकर उसकी माँ को धोखा दिया और निर्दयी माफिया डॉन दयानंद चौधरी से मिलकर साज़िश रची। अन्याय के खिलाफउठ खड़ी हुई बिंदी संकल्प लेती है कि वह पढ़-लिखकर एक दिन काजल को जेल से मुक्त कराएगी। लेकिन जब अविराज और दयानंद फिर से उसके सामने आते हैं, तो क्या उसकी जंग माँ को घर लाने के लिए काफ़ी साबित होगी? काजल के रूप में राधिका मुथुकुमार, बिंदी के रूप में सांची भोयर, अविराज के रूप में क्रुशाल आहूजा और दयानंद के रूप में मानव गोहिल अभिनीत, का प्रीमियर 17 सितंबर को होगा और यह हर दिन रात 08:30 बजे कलर्स और जियोहॉटस्टार पर प्रसारित होगा। काजल की भूमिका निभा रहीं राधिका मुथुकुमार कहती हैं, जब मैंने पहली बार काजल की कहानी सुनी, तो भीतर तक टूट गई। एक औरत जो कभी एक साधारण और प्यार करने वाले परिवार का हिस्सा थी, आज उन सलाखों के पीछे है—एक ऐसे अपराध की सज़ा भुगतते हुए, जो उसने कभी किया ही नहीं। उसी अंधेरे में उसकी छोटी-सी बेटी—जो उसी जेल में पैदा हुई और बड़ी हुई—उसकी एकमात्र लाइफलाइन है। माँ जेल की दीवारों के बीच भी अपनी बच्ची के लिए प्यार की दुनिया बुनती है ताकि बेटी को बेड़ियों का बोझ न महसूस हो। लेकिन उन दीवारों के बाहर की दुनिया जेल से भी ज्यादा क्रूर है, जहाँ अविराज और दयानंद जैसे लोग हर मोड़ पर खतरा बनकर खड़े हैं। काजल का किरदार निभाना मेरे लिए केवल अभिनय नहीं, बल्कि एक आशीर्वाद है—क्योंकि यह सफर हमें याद दिलाता है कि सबसे अंधेरे कोनों में भी माँ का प्यार ही सबसे बड़ी उम्मीद और ताक़त है।

## असलम अशरफी बने मुस्लिम मनिहार वेलफेयर सोसाइटी के प्रदेश अध्यक्ष

**राजनांदगांव (समय दर्शन)।** छत्तीसगढ़ सुन्नी मुस्लिम मनिहार बिरादरी वेलफेयर सोसाइटी की प्रदेश स्तरीय बैठक रविवार को राजनांदगांव के मुस्लिम जमात खाना में आयोजित की गई। इस दौरान धमतरी निवासी असलम अशरफी को सर्वसम्मति से सोसाइटी का प्रदेश अध्यक्ष निर्विरोध चुना गया। नई कार्यकारिणी का कार्यकाल 3 वर्षों का होगा।

कार्यक्रम में प्रदेश के विभिन्न जिलों से पहुंचे मनिहार समाज के करीब 250 प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। इस मौके पर महापौर मधुसूदन यादव और पूर्व महापौर हेमा देशमुख बतौर मुख्य अतिथि मौजूद रहे।

महापौर मधुसूदन यादव ने अपने संबोधन में समाज के युवाओं को संगठित होकर शिक्षा और रोजगार के क्षेत्र में आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। उन्होंने राजनांदगांव में मनिहार समाज के लिए शासकीय भूमि पर सामुदायिक भवन निर्माण की मांग पर सकारात्मक आश्वासन दिया। साथ ही ओबीसी वर्ग में आने वाले इस समाज के बच्चों को पिछड़ा वर्ग प्रमाण पत्र दिलाने में हर संभव मदद का भरोसा दिलाया।

पूर्व महापौर हेमा देशमुख ने कहा कि कोरोना महामारी के दौरान मनिहार समाज ने न सिर्फ मुस्लिम समाज बल्कि अन्य समुदायों की भी सेवा की। यह समाज मिलनसार और सामाजिक समरसता का प्रतीक है। सभा में समाज की चुनाव समिति और जोन प्रभारियों की पारदर्शिता की भी सराहना की गई। प्रो. मोहम्मद आरिफदुर्ग, हाजी वसीम अहमद जगदलपुर, शकील अहमद बिलासपुर, मोहम्मद नईम एडवोकेट रायपुर, अब्दुल मुकीम रायपुर, अब्दुल अलीम बिलासपुर, नौशाद बख्श महासमुंद, अनीश मनिहार रायपुर, इकबाल हंफी भाटापारा और हाफिज वारसी राजनांदगांव की टीम ने चुनाव को शांतिपूर्वक और निष्पक्ष तरीके से संपन्न कराया। सभा के दौरान पूर्व अध्यक्ष हाजी रईस अहमद शकील और उनकी टीम को उनके 3 वर्षों के कार्यकाल के लिए धन्यवाद और शुभकामनाएं दी गईं। समाज ने उन्हें एकजुटता, पारदर्शिता और सेवा भाव के लिए सराहा।



सम्मेलन में मौजूद समाज के लोगों ने पंजाब में आई प्राकृतिक आपदा के लिए राहत सामग्री भेजने हेतु फंड इकट्ठा किया। नवनिर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष असलम अशरफी ने इस प्रयास के लिए समाज के सभी सदस्यों का आभार जताया और इसे इंसानियत की सेवा बताया।

कार्यक्रम का आयोजन पूर्व प्रदेश कार्यकारिणी-हाजी रईस अहमद शकील, हाजी अब्दुल फहीम, हाजी शमीम अहमद, शकील अहमद, असलम अशरफी, अब्दुल मुकीम तथा राजनांदगांव की स्थानीय कमेटी कदीर अहमद, हाफिज वारसी, इरफान गोलू, हकीम भाई, अब्दुल हक व अन्य की देखरेख में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम दोपहर 12 बजे शुरू होकर शाम 5.30 बजे तक चला, जिसमें प्रदेशभर के समाजजनों ने भाग लेकर एकजुटता का परिचय दिया।

## संक्षिप्त समाचार

### युक्तियुक्तिकरण के तहत नव पदस्थ शिक्षकों का किया गया सम्मान




**शंकर लहरे सरायपाली ( समय दर्शन )।** संकुल केंद्र खोकसा में विगत दिनों युक्तियुक्तकरण के तहत नव पदस्थ शिक्षकों के स्वागत में सम्मान समारोह का आयोजन रखा गया। जिसमें शासकीय हाई स्कूल रोहिना में पदस्थ उच्च वर्ग शिक्षक लक्ष्मण पटेल, प्राथमिक शाला रोहिना में पदस्थ सहायक शिक्षक ज्योति वर्मा, प्राथमिक शाला बम्हनीनडीह विजय कुमार कश्यप, प्राशा बंसुलीडीह भोजराम पटेल, आश्रम शाला खोकसा मोहन खंडेल, प्राशा खोकसा चितरंजन गढ़तिया, टीकम चंद त्रिपाठी का स्वागत एवं सम्मान संकुल प्राचार्य पी एन ठाकुर द्वारा किया गया। इस अवसर पर श्री ठाकुर ने कहा कि युक्तियुक्तिकरण के तहत एकल एवं शिक्षक विहीन शालाओं में शिक्षकों की पद स्थापना होने से शिक्षा गुणवत्ता अभियान को नई गति मिलेगी साथ ही अनुभव एवं विषय शिक्षकों की पद स्थापना होने से स्कूलों की शिक्षा गुणवत्ता में भी सुधार देखने को मिलेगा। सभी शिक्षक साथियों को मिलजुल कर काम करने की अपील करते हुए शासन की योजनाओं को सुचारू रूप से संचालित करने पर जोर दिया। लक्ष्मण पटेल ने कहा कि खोकसा संकुल परिवार से जुड़कर नई ऊर्जा के साथ काम कर संकुल केंद्र को नहीं ऊंचाई प्रदान करेंगे। इस अवसर पर अवसर पर व्याख्याता दिलेश्वर बंजारे, रूपलाल चौहान, निराकार पटेल, रत्ना पटेल, एमपी नायक, बीके सिदार, रोहित भट्ट, महावीर भोई, संतलाल चौहान, हाई स्कूल रोहिना प्रभारी प्राचार्य एके जायसवाल, व्याख्याता कमलेश साहू, प्रधान पाठक बोधन पटेल, जुगलाल परेश्वर, उमा पटेल, लखनलाल चंद्रवंशी, मोहित बरिहा शाहिद बड़ी संख्या में शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित थे

### हाई स्कूल रोहिना में मना ओजोन दिवस




**शंकर लहरे सरायपाली ( समय दर्शन )** शासकीय हाई स्कूल रोहिना में अंतराष्ट्रीय ओजोन संरक्षण दिवस के अवसर पर मॉडल प्रदर्शनी एवं विचार गोष्ठी का आयोजन रखा गया। विज्ञान शिक्षक ए के पटेल ने बताया कि ओजोन परत पृथ्वी के वायुमंडल की समताप मंडल में पाई जाती है, जो पृथ्वी की सतह से लगभग 15-30 किलोमीटर ऊपर स्थित है। यह परत सूर्य की हानिकारक पराबैंगनी विकिरण को अवशोषित करके पृथ्वी पर जीवन की रक्षा करती है। प्रभारी प्राचार्य एके जायसवाल ने ओजोन दिवस के अवसर पर ओजोन गैस बनाकर ओजोन के संरक्षण एवं क्षरण से होने वाले नुकसान के बारे में छात्रों को जानकारी दी गई है। छात्रों को टीवी स्क्रीन के माध्यम से ओजोन गैस के बारे में जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर पर व्याख्याता कमलेश साहू, के के साहू, शिक्षक लक्ष्मण पटेल, एस के पटेल आदि उपस्थित रहे।

### मोटोरोला ने #Big Billion MotoRush की घोषणा की


मोबाइल टेक्नोलॉजी में ग्लोबल लीडर और भारत के अग्रणी एआई स्मार्टफोन ब्रांड, मोटोरोला ने आज फ्लिपकार्ट की बिग बिलियन डेज़ सेल 2025 के लिए प्रीमियम और मिड-रेंज स्मार्टफोन्स के अपने सबसे बड़े फेस्टिव लाइन-अप की घोषणा की। ये सभी स्मार्टफोन अविश्वसनीय दामों पर उपलब्ध होंगे। दुनिया के सबसे शानदार एआई-पावर्ड motorola edge 60 PRO और motorola edge 60 FUSION से लेकर बेस्टसेलिंग moto g series स्मार्टफोन्स तक, और आइकॉनिक motorola razr 60 series तक, मोटोरोला इस सीजन में त्योहारी शॉपिंग को आनंददायक बनाएगा। यह सेल केवल फ्लिपकार्ट पर 23 सितंबर से रात 12 बजे से अर्ली एक्सेस कस्टमर्स के लिए और 22 सितंबर से सभी उपभोक्ताओं के लिए लाइव होगी। सभी डिवाइसेस सेल की अवधि के दौरान आकर्षक बिग बिलियन डेज दामों पर उपलब्ध होंगे। motorola edge 60 PRO- इस बिग बिलियन डेज़ में motorola edge 60 PRO 8+256GB, जिसकी मूल कीमत 29,999 रुपये है, अब केवल 24,999* रुपये में उपलब्ध है, और यह एक शानदार सौदा है। इसमें सेगमेंट का पहला पैनटोन™ वैलिडेटेड ट्रिपल 50MP कैमरा सिस्टम है, जिसमें Sony LYTIA 700C मेन कैमरा, 50MP अल्ट्रावाइड + मैक्रो, 10MP टेलीफोटो (3X ऑप्टिकल और 50X AI सुपर ज़ूम), और 50MP सेल्फी कैमरा शामिल है।

# डीडीएस स्कूल बिर्रा में कार्मस विषय नहीं होने के बाद भी प्राचार्य ने कार्मस विषय संचालन कि दी झुठी जानकारी

### बीईओ के मौखिक आदेश पर कार्मस विषय में 11 वीं में 8 बच्चें पढ़ने कि दी फर्जी जानकारी

### तत्कालीन बीईओ,वर्तमान बीईओ और प्राचार्य पर कार्रवाई कि मांग




कार्यालय
शास.डी.डी.एस.उच्च.माध्य.विद्यालय,बिर्रा
Principal

**बिर्रा ( समय दर्शन )।** युक्तियुक्तकरण के नियमों कि ताक पर रखकर तत्कालीन बीईओ एम डी दीवान,डीडीएस स्कुल बिर्रा प्राचार्य सुनील कुमार कुर्रे ने शासन को गलत जानकारी भेजने में कोई कसर नहीं छोड़ी।मामला डीडीएस स्कुल बिर्रा का हैं जहां कार्मस विषय संचालित ही नहीं है और यहां दो शिक्षक-शिक्षिका सुशील कुमार नेताम,सरस्वती कुंभकार सालों से पदस्थ हैं,वहीं युक्तियुक्तकरण नीति के तहत उन्हें अन्य स्कूल ट्रान्सफर करना था लेकिन तत्कालीन बीईओ एम डी दीवान से सांठगांठ कर नियमों की धज्जियाँ उड़ाई गई।

तत्कालीन बीईओ एम डी दीवान के कहने पर प्राचार्य सुनील कुमार कुर्रे ने विघालय में कार्मस विषय नहीं होने के बाद भी सत्र 2024-25 में कक्षा - 11वीं में कार्मस के 8 छात्र-छात्राएं अध्यनरत होने कि झुठी जानकारी दी गई ताकि उक्त शिक्षक-शिक्षिका सुशील कुमार नेताम,सरस्वती कुंभकार को यथावत रखा जा सके शासन को गलत जानकारी देना अपराध कि श्रेणी में आता है।

**दो शिक्षकों को बचाने तत्कालीन तत्कालीन बीईओ ने नियमों को ही पलटा-** वही डीडीएस स्कुल बिर्रा में कार्मस विषय के दो शिक्षक-शिक्षिका को यथावत रखने तत्कालीन बीईओ एम डी दीवान,प्राचार्य सुनील कुमार कुर्रे ने सारे नियम कायदे को ही पलटकर रख दिए, इनके द्वारा शासन को फर्जी जानकारी देने तक में तनीक भी संकोच नहीं हुई वही सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार शिक्षक-शिक्षिका को यथावत रखने मोटी रकम लेने कि भी बात सामने आ रही है।

वही खबर प्रकाशन के बाद कामर्स शिक्षक सुशील कुमार नेताम कि बौखलाहट सामने आया है,मीडियाकर्मी से उलझने कि कोशिश करते हुए,खबर रोकने सहित खबर प्रकाशन किसके कहने पर करने कि जानकारी मांगने लगा,तब मीडियाकर्मी ने भी उसका करारा जवाब दिया।

**नियमों कि धज्जियाँ,विभाग को जानकारी होने के बाद भी नहीं कि कार्यवाही-** वही डीडीएस स्कुल बिर्रा में कार्मस विषय नहीं होने के बाद भी 2024-25 सत्र में 8 छात्र-छात्राओ को फर्जी अध्यनरत कि जानकारी प्राचार्य द्वारा दिये जाने कि जानकारी प्रभारी बीईओ रत्ना थवाईत, जिला शिक्षा अधिकारी को होने के बाद भी प्राचार्य पर किसी भी प्रकार कि कार्यवाही नहीं करना, जिला शिक्षा अधिकारी के कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े करते हैं।

वही जिला शिक्षा अधिकारी अश्वनी भारद्वाज को बकायदा प्राचार्य द्वारा 23/06/2025 को लेटर लिखकर शैक्षणिक वर्ष 2024-25 में 8 छात्र-छात्राएं कार्मस विषय में झूठी अध्यनरत होने कि जानकारी दी लेकिन अब तक प्राचार्य पर कार्रवाई नहीं कि,कहीं न कहीं जिला शिक्षा अधिकारी के कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर रहे हैं। अब देखना होगा कि मीडिया में खबर आने के बाद इसपर किस प्रकार की कार्रवाई कि जाती हैं।

**बम्हनीडीह प्रभारी बीईओ नहीं उठाती फोन-** वही शिक्षा विभाग के जानकारी लेने जब भी मीडियाकर्मी बम्हनीडीह प्रभारी बीईओ रत्ना थवाईत को फोन लगाते हैं तो वह फोन उठाती ही नहीं,प्रभारी बीईओ रत्ना थवाईत का यह रवैया सही नहीं है,कुछ दिन पूर्व भी डभराखुर्द में प्रधानपाठक द्वारा बच्चों से सीमेंट का काम करते विडियो वायरल होने पर भी प्रभारी बीईओ रत्ना थवाईत को मामले को अवगत कराने मीडियाकर्मियों द्वारा फोन किया गया था लेकिन वह फोन रिसीव कि ही नहीं अंत में मीडियाकर्मियों द्वारा मामले को कलेक्टर के संज्ञान में लाया गया था।

> शासकीय काम शासकीय जैसे होगा,3 माह हो कि 6 माह मैं अपने हिसाब से काम करुंगा
>
> **अश्वनी भारद्वाज**
> **डीईओ जांजगीर-चांपा**

# जिलास्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में सिलादेही के छात्र छात्राओं ने किया प्रथम स्थान प्राप्त



### संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में भी 800 मीटर में तीसरा स्थान प्राप्त किया

**बिर्रा ( समय दर्शन )।** जिलास्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिलादेही के बालक बालिका ने खेलकूद स्पर्धा में अपना जौहर दिखाया और जिला सहित संभाग में अपनी अलग पहचान बनाया।

शिक्षा विभाग ने खेल कैलेंडर 2028के लिए जारी किया गया जिसमें जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में जनपद पंचायत बम्हनीडीह के अंतर्गत ग्राम पंचायत सिलादेही के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिलादेही के प्राचार्य समरीन खान कुशल नेतृत्व में व्यायाम शिक्षक विक्की सेठी ने जिलास्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में जिला के सभी शासकीय हायर सेकंडरी हाईस्कूल के बालक बालिका ने स्पर्धा में हिस्सा लिया जिसमें कक्षा बारहवीं के छात्र दुर्गेश पटेल ने 800मीटर दौड़ में प्रथम स्थान प्राप्त किया वहीं संभाग स्तरीय 800मीटर दौड़ में तीसरे स्थान बरकरार रखा।

वहीं 19 व 17वर्षीय बालिका वर्ग कबड्डी में चाम्पा में आयोजित किया गया जिसमें सिलादेही की छात्राओ ने जिला स्तरीय टीम को परास्त कर प्रथम स्थान कर संभाग स्तरीय के लिए चयनित हुआ है वहीं बिलासपुर संभाग स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में छात्राओं ने बेहतर प्रदर्शन कर बेहतरीन प्रदर्शन किया है।17वर्षीय खेलकूद में पूजा दीक्षा वैष्णव देविका चांदनी मुस्कान पूनम नीलिमा सरस्वती इसके अलावा 19वर्षीय प्रतियोगिता में शीतल यादव शीतल केवट गौरी थानेश्वरी अनिता ने सभी स्पर्धा में हिस्सा लेकर अपने बेहतर प्रदर्शन किया है तथा छात्रा छात्राओं ने खेलकूद में जबरदस्त प्रदर्शन कर पूरे जिले में बम्हनीडीह विकासखंड में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिलादेही ने अपना बेहतर प्रदर्शन कर विकासखण्ड का नाम रोशन किया है।

बच्चों के लिए उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए प्रभारी प्राचार्य समरीन खान व्याख्याता उमाशंकर खुंटे सुरेश कुमार यादव राजेश पटेल श्रीमती अनिता राज गीता जायसवाल रवीतेद्र जायसवाल फलेंद्र साहू के अलावा विघालय के सभी स्टाफ शामिल थे।

# युवाओं ने ली छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना और जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी की सदस्यता



**होमन सिंह ठाकुर समय दर्शन नंदिनी अहिवारा।** अहिवारा में क्रांति की गूंज ड्ड युवाओं का जोश चरम पर अहिवारा विधानसभा सहित पूरे छत्तीसगढ़ में छत्तीसगढ़िया वाद और छत्तीसगढ़िया राज लाने के लिए प्रतिबध छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना और जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी का सदस्यता अभियान जोर पकड़ चुका है। इसी कड़ी में अहिवारा के वार्ड नंबर 1 मे बैठक हुई जिस्मे भारी संख्या में युवाओ ने संगठन और पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर छत्तीसगढ़ महतारी की सेवा का संकल्प लिया।

इस मौके पर संगठन के पदाधिकारी और सेनानी उपस्थित रहे और युवाओं के इस जोश का स्वागत किया। सदस्यता अभियान में जिस ऊर्जा और उत्साह के साथ नौजवान जुड़ रहे हैं, वह साफ संकेत देता है कि आने वाला समय छत्तीसगढ़ की अस्मिता और स्वाभिमान का है।

युवाओं का यह संगठित कदम न सिर्फ राजनीतिक चेतना का परिचायक है बल्कि यह संदेश भी देता है कि छत्तीसगढ़ के लोग अब बदलाव चाहते हैं और अब बदलाव की राह पर चल पड़े हैं 7 बैठक में छत्तीसगढ़या क्रान्ति सेना और जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी के जिला पदाधिकारी कौशल साहु,धर्मेंद्र साहू, अहिवारा नगर पदाधिकारी गोवर्धन ताम्रकार, मुकेश साहू,आशुतोष साहू,बसंत साहू,पंकज लहरी, कमलेश मारकंडे, सेनानी महेंद्र धुर्वे, संजय ठाकुर,आजाद शिवारे, वैभव पटेल, हितेश यादव, छोटू यादव,तरुण यादव कैलाश साहू,नोहर यादव,भीखम साहू, नारायण साहू,अश्वनी साहू,गौरव साहू,प्रकाश अन्य सेनानी शामिल हुए।

# घर-घर जाकर सुनते हैं समस्या फिर करते है निराकरण पंच-एकांश पटेल

### जमीनी स्तर से जुड़कर कर रहे काम



**बिर्रा ( समय दर्शन )।** जांजगीर-चांपा जिला के सबसे बड़े ग्राम पंचायत में से एक ग्राम पंचायत बिर्रा के वार्ड क्रमांक 09 के पंच एकांश पटेल ने इन दिनों भारी सुर्खियों में है। जो रोज अपने वार्ड में घर घर जाकर समस्या सुनते है और उनका निराकरण करते है। अभी तक एकांश पटेल ने अपने वार्ड में जितने भी नवविवाहित महिला एवं और अन्य ऐसे परिवार जिनका राशन कार्ड नहीं बना हुआ था। उनका राशन कार्ड बनाकर घर घर जाकर नि:शुल्क वितरण किया जा रहा है। जिसे वार्ड पंच एकांश पटेल के प्रति लोगों ने काफी सराहा एवं उनकी जनहित को देखते हुए लोग काफी प्रशंसा कर रहे है। वार्ड 09 के लोगों का कहना है कि एकांश पटेल हमारे वार्ड में बहुत बेहतर ढंग से जमीनी स्तर से जुड़कर काम कर रहे है। हर परिवारों की छोटी बड़ी कमियों को पूरा कर रहा है। चाहे वह राशन कार्ड से संबंधित हो, वृद्धा पेंशन से संबंधित हो या किसान सम्मान निधि से संबंधित हो,विकलांग प्रमाण पत्र हो, हर जरूरी चीजों को ध्यान में रखकर बनाया जा रहा है। इसके अलावा पंच एकांश पटेल ने जो जनहित से जुड़े जैसे आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, मितानिन, कोटवार, पटवारी, पंचायत सचिव, बिजली विभाग के कर्मचारियों एवं अधिकारियों का नाम एवं मोबाइल नंबर भी हमारे वार्ड में पोस्टर के माध्यम से सार्वजनिक कर दिए है। जिससे कि वार्डवासियों को और भी सुविधा का लाभ मिल रहा है। जरूरत पड़ने पर तत्काल संबंधित विभाग के लोगों से बात करके जानकारी प्राप्त कर लेते है।

# 3 घंटे तक चला चक्का जाम, आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद खुला सड़क






**बिर्रा ( समय दर्शन )।** बिर्रा थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम करही में 15 सितंबर दिन सोमवार को सुबह लगभग 10:00 बजे जहरीली शराब की सेवन करने से दो युवक अचेत अवस्था में गिर गए। दोनों को परसदा के निजी अस्पताल में ले जाया गया । जहां से उसे सारंगढ़ अस्पताल में रेफर कर दिया गया। सारंगढ़ पहुंचते ही डॉक्टरों ने दोनों युवकों को मृत घोषित कर दिया गया। दूसरे दिन 16 सितंबर दिन मंगलवार को शराब बेचने वाले आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर सुबह 8:00 बजे से ही मृतक सूरज यादव,उम्र 30 वर्ष पिता कार्तिक राम, और और मृतक मनोज कश्यप उम्र 38 वर्ष पिता रामकुमार कश्यप के परिजन एवं करही के ग्रामीणों के द्वारा बस स्टैंड चौक बिर्रा में चक्का जाम कर दिया गया। चक्का जाम की सूचना पाकर मौके पर पहुंचे अनुविभागीय अधिकारी पुलिस चांपा यदुमणि सिदार के समझाइश उपरांत शराब बेचने वाले आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग पर 3 घंटे के बाद 11:00 बजे चक्का जाम समाप्त हुआ। इसके बाद आवागमन शुरू किया गया।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार बस स्टैंड चौक बिर्रा में चक्का जाम करने से चारों तरफ आने जाने वाले वाहनों की लंबी-लंबी लाइने लग गई। डभरा चंद्रपुर ,रायगढ़ की ओर से आने वाली वाहन जो शिवरीनारायण बिलासपुर की ओर जाती है। इसके अतिरिक्त डभरा से बिर्रा, चांपा और कोरबा की ओर जाने वाली वाहने रोड में खड़ी रही। इसी तरह चांपा कोरबा से भटगांव बलौदा बाजार रायपुर की ओर जाने वाली वाहन भी लंबी लंबी कतार में खड़ी रही। इस बिर्रा रूट से आने जाने वालों को 3 घंटे तक परेशानियों का सामना करना पड़ा। बिर्रा थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम करही में 15 सितंबर दिन सोमवार को सुबह लगभग 10:00 बजे गोप्सी फाइन व्हिस्की गोवा जहरीली शराब की सेवन करने से दो युवक अचेत अवस्था में गिर गए। दोनों को परसदा के निजी अस्पताल में ले जाया गया । जहां से उसे सारंगढ़ अस्पताल में रेफर कर दिया गया। सारंगढ़ पहुंचते ही डॉक्टरों ने दोनों युवकों को मृत घोषित कर दिया गया। सारंगढ़ में ही शून्य में मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराकर शव को परिजनों को सौंप दिया गया।

दूसरे दिन 16 सितंबर दिन मंगलवार को शराब बेचने वाले आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर सुबह 8:00 बजे से ही मृतक सूरज यादव,उम्र 30 वर्ष पिता कार्तिक राम, और और मृतक मनोज कश्यप उम्र 38 वर्ष पिता रामकुमार कश्यप के परिजन एवं करही के ग्रामीणों के द्वारा बस स्टैंड चौक बिर्रा में चक्का जाम कर दिया गया। चक्का जाम की सूचना पाकर मौके पर पहुंचे अनुविभागीय अधिकारी पुलिस चांपा यदुमणि सिदार के समझाइश उपरांत शराब बेचने वाले आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग पर 3 घंटे के बाद 11:00 बजे चक्का जाम समाप्त हुआ। इसके बाद आवागमन शुरू किया गया।

अगर मृतक के परिजनों और ग्रामीणों की माने तो बिर्रा थाना के अंतर्गत ग्राम करही में एक दर्जन लोग अवैध शराब बेचते हैं। लेकिन पुलिस कार्यवाही नहीं करती है। अवैध शराब बेचने वालों से दोनों युवकों सूरज यादव और मनोज कश्यप ने शराब खरीद कर पिया। उसके बाद उन दोनों की मौत हो गई। पुलिस केवल एक अवैध शराब विक्रेता को पकड़ कर हिरासत में लिया है। विभाग कार्रवाई के नाम पर सिर्फ खाना पूर्ति कर रही है।

बहरहाल कारण चाहे जो भी हो शराब की सेवन के बाद दोनों युवकों की इलाज के दौरान मौत हो गई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का खुलासा हो पाएगा। बिर्रा पुलिस हर पहलुओं पर जांच कर रही है।

## खबर-खास

### बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान

**गरियाबंद ( समय दर्शन )।** जिले को बाल विवाह मुक्त करने के लिए ग्राम पंचायतों द्वारा आयोजित ग्रामसभा में बाल विवाह निषेध प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित कर ग्राम पंचायतों को बाल विवाह मुक्त करने हेतु संकल्प लिया जा रहा है।यह एक उल्लेखनीय पहल है जिससे बालिकाओं के सर्वागीण विकास एवं समुचित शिक्षा पर पड़ने वाले विपरित प्रभाव को रोका जा सके।कलेक्टर भगवान सिंह उइके के निर्देश पर महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी अशोक पाण्डेय के मार्गदर्शन एवं जिला बाल संरक्षण अधिकारी अनिल द्विवेदी के नेतृत्व में निर्धारित लक्ष्य को पूर्ण करते हुए 31 मार्च 2029 के पूर्व जिले को बाल विवाह मुक्त जिला घोषित कर बाल विवाह मुक्त बनाना है। शासन द्वारा जिले को इस वित्तीय वर्ष में कुल 134 ग्राम पंचायतो एवं 2 नगरीय निकायों का बाल विवाह मुक्त करने का लक्ष्य रखा है। वर्तमान में 70 ग्राम पंचायतों में सरपंच,सचिव के द्वारा बाल विवाह मुक्त प्रमाण पत्र प्राप्त कर लिए गये है।साथ ही उनके द्वारा प्रमाणित किया गया है। उनके ग्राम पंचायतों में वर्तमान में कोई भी बाल विवाह नहीं हुआ है और न ही भविष्य में बाल विवाह होगा। ग्रामवासियों को महिला एवं बाल विकास व ग्राम पंचायत बाल संरक्षण समिति द्वारा जागरूक करते हुए बताया गया कि बालिकाओं के लिए विवाह की निर्धारित उम्र 18 वर्ष एवं लड़कों की आयु 21 वर्ष पूर्ण होना अनिवार्य है। निर्धारित उम्र से कम आयु में विवाह करने सहयोगी सभी को बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के तहत् एक लाख रूपये का जुर्माना एवं 2 वर्ष का कठोर कारावास अथवा दोनों से दण्डित किये जाने का प्रावधान है।

### CRED इंडसइंड बैंक रुपे क्रेडिट कार्ड: सभी ई-कॉमर्स पर बिना किसी सीमा के रिवाड्र्स अनुभव डिजिटल नोमैड्स के लिए लाइफस्टाइल एक्सेसरी के रूप में तैयार

**मुंबई :** CRED ने नया क्रेडिट कार्ड प्रोग्राम लॉन्च किया है, जो सभी ई-कॉमर्स खर्चों पर रिवाड्र्स देता है और फ्लाइट्स, होटलों, सैकड़ों मर्चेंट्स और हज़ारों प्रोडक्ट्स पर तुरंत और लचीला रिडेम्पशन उपलब्ध कराता है। इस प्रोग्राम के तहत पहला लॉन्च है – CRED इंडसइंड बैंक रुपे क्रेडिट कार्ड। ष्टक्रश्वष्ठ सदस्य डिजिटल रूप से पूरी तरह जानकार उपभोक्ता हैं, जिनके पास कई क्रेडिट कार्ड होते हैं और जिनकी जीवनशैली ऑनलाइन शॉपिंग पर आधारित है। लेकिन अब तक उन्हें सीमित रिवार्ड विकल्पों और जटिल रिडेम्पशन शर्तों से समझौता करना पड़ता था। पहली बार, CRED ने ऐसा अनुभव लॉन्च किया है जिसमें ऑनलाइन शॉपिंग पर अधिक रिवाड्र्स मिलते हैं और CRED इकोसिस्टम पर बिना किसी परेशानी के रिडेम्पशन किया जा सकता है। जहाँ अधिकांश क्रेडिट कार्ड धारक जटिल नियमों के कारण सीमित दुकानों और शर्तों में बंधे रहते हैं, वहीं ष्टक्रश्वष्ठ इंडसइंड बैंक रुपे क्रेडिट कार्ड धारक अपनी पसंद से कहीं भी खर्च, अर्जित और रिडीम कर सकते हैं। कार्डधारकों को सभी ई-कॉमर्स लेनदेन पर 5त्न और ऑफ्लाइन लेनदेन (CRED स्कैन एंड पे सहित) पर 1त्न रिवार्ड पॉइंट्स मिलेंगे।

# साढ़े सोलह हजार कमर्चारियों को निकाल, नए भर्ती का धमकी पत्र जारी- एनएचएम

### कर्मचारी संगठन और सरकार आमने सामने

**कवर्धा ( समय दर्शन )।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कर्मचारी संगठन की 30 दिनों से जारी अनिश्चित कालीन हड़ताल के बीच 15/09/2025 को राज्य कार्यालय से स्वास्थ्य सचिव का चेतावनी और धमकी भरा पत्र जारी हो गया, जिसमें राज्य के 16 हजार 500 कर्मचारियों को नौकरी से निकालकर नई भर्ती करने का धमकी दिया गया है।

कर्मचारी संगठन की ओर से 170 बार से ज्यादा विधायक मंत्री और न जाने कितने ही सत्ताधारी पार्टी के लोगों को ज्ञापन दिए। यह संघटन के संवेदनशीलता का परिचय था, जिसे संगठन ने अपनी मांगो और जन सामान्य की असुविधा को ध्यान में रखते हुए कार्य किया ताकि किसी भी प्रकार के बेमुद्दत हड़ताल की आवश्यकता न पड़े। परंतु शासन के असंवेदनशील रवैए और सुस्त चाल के कारण आज स्वास्थ्य सुविधाएं पूरे प्रदेश पटरी से उतर गई।

बाबा साहब के बनाए हमारे भारतीय संविधान में पहली लाइन है हम भारत के लोग मतलब हमको वो सारे अधिकार है जो संविधान ने हमें दिए है। अपने जीवन यापन, भविष्य के प्रति सुरक्षा, रोजगार और चुनी हुई सरकारों से सम्मान जनक जीवन जीने का अधिकार की मांग तो कर ही सकते है। सरकार किसके लिए बनती है कौन बनाता है सरकार ? आज वही। हाशिए पर चले जाते है।

सरकार बनने के बाद न जाने कितनी बार कैबिनेट मंत्रिमंडल की बैठके हो गई। नेता मंत्री अपनी वेतन, भत्ते, मोबाइल भत्ते, आवास भत्ते, और न जाने कितने ही फेर बदल कर संवैधानिक पदों का आर्थिक लाभ बढ़ा लिया। और हर सरकार ये काम करती है।




पर मजाल हो कि इन 16500 कर्मचारियों की मांगो को कभी कैबिनेट की बैठक में चर्चा की गई हो या किसी मंत्री विधायक ने विषय पर अनिश्चित कालीन आंदोलन के पहले सार्वजनिक बयान दिया हो,नहीं आज तक नहीं कर पाए !

कुछ दिन पूर्व मीडिया में छत्तीसगढ़ सरकार के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से एनएचएम के विषय सवाल पूछा गया कि इनके आंदोलन के बारे में क्या कहेंगे ? उनका जवाब था ये हमारे परिवार के सदस्य है परिवार में कभी कभी कुछ बाते होती रहती है जिसे सुलझा लिया जाएगा इतना कहकर वो चले गए। आज उन्हीं परिवार के सदस्यों को सरकार ने धमकी भरे पत्र के माध्यम से नौकरी से निकालने की धमकी, साथ ही नई भर्ती करने के निर्देश भी तत्काल आदेश जारी कर दिए गए। इतनी तत्परता उन मांगो के आदेश जारी करने में दिखा देते तो आज 30 दिनों से चौपट स्वास्थ्य व्यवस्था पटरी पर आ चुकी होती।

आगे पूरे प्रदेश में आंदोलन और तेज और उग्र होगा। यदि सरकार प्रशाशन दमन की नीति अपनाएगी तो संघटन की ओर से भी संवैधानिक तरीके से जवाब दिया जाएगा।

समस्त जिला की ओर से राज्यपाल महोदय से इच्छामृत्यु मांगी जा रही है। कुछ दिनों में जेल भरो आंदोलन किया जाएगा। जैसे जैसे दिन बढ़ते जा रहे है संगठन मजबूती के साथ आंदोलन में खड़ा रहेगा।

सरकार अपनी संवेदनशीलता दिखाए,जो घोषणा पत्र में वादा किया गया था उसे निभाए।

एनएचएम संगठन के प्रदेश अमित कुमार मीरी ने दो दिन पहले भी सोशल मीडिया के माध्यम से कहा कि सरकार के स्वास्थ्य मंत्री ग्रेड पे जैसे मांगो को पूरा करने का लिखित अश्वासन दे दे और जो भी निर्धारित समय लेना है लेले।'साथ ही जो पांच मांगे मानी गई उनकी आपत्ति दर्ज कराई गई उनको ध्यान में रखते हुए आदेश जारी करें और बर्खास्त साथियों की ससम्मान वापसी हो हम अपना हड़ताल स्थगित कर देंगे।

**लिखित आदेश देकर हड़ताल खत्म कराए सरकार-** कई दौर की बैठक प्रशासनिक अधिकारियों और स्वास्थ्य मंत्री के साथ हुई। पर कोई नतीजा नहीं निकला। सरकार को वार्ता कर बीच का रास्ता निकालना होगा अन्यथा प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्थाएं विकराल रूप ले सकती है। साथ ही सरकार के लिए भी मुसीबत खड़ी हो सकती है। इसलिए सरकार इनकी मांगो को लेकर संवेदनशील रवैया अपनाए और इनकी मांगो को लिखित आदेश देकर हड़ताल खत्म कराए।

# विभाग प्रमुख अपने कार्यालय में स्थापना प्रभारी नामांकित करें - कलेक्टर उइके

### कलेक्टर श्री उइके ने विभिन्न विभागों की योजनाओं के प्रगति की जानकारी ली

### कलेक्टर ने समय-सीमा की बैठक लेकर अधिकारियों को दिये निर्देश



**गरियाबंद ( समय दर्शन )।** कलेक्टर बी.एस. उईके ने आज संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में समय-सीमा की समीक्षा बैठक ली।उन्होंने विभिन्न विभागों में समय-सीमा के लंबित प्रकरणों की विस्तृत समीक्षा करते हुए सभी प्रकरणों को तेजी से निराकृत करने के निर्देश दिये।कलेक्टर ने कहा कि शासन के निर्देशानुसार स्पैरो पोर्टल के बेहतर क्रियान्वयन के संबंध में दिशा-निर्देश जारी किये गए है।जिसमें प्रथम,द्वितीय,तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी स्तर के शासकीय सेवकों की नियुक्ति विभिन्न स्तर जैसे कि शासन,विभागाध्यक्ष, संभाग,जिला स्तर पर की जाती है। सभी अधिकारी-कर्मचारियों के गोपनीय प्रतिवेदन एवं अचल सम्पत्ति विवरण का संधारण पृथक-पृथक कार्यालय स्तर पर स्थापना प्रभारी द्वारा किया जाता है। इसके लिए विभाग प्रमुख अपने कार्यालय में स्थापना प्रभारी नामांकित करें। उन्होंने कहा कि सेवा पखवाड़ा 2025 अभियान के तहत जिले में विभिन्न विभागों के समन्वय में विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा। जिसमें विभागीय समन्वय के साथ कार्यक्रम का सफ्लतापूर्वक आयोजन कराए। इन कार्यक्रमों में स्थानीय जनप्रतिनिधियों को भी आमंत्रित करें और हितग्राहियों को लाभान्वित करें।

कलेक्टर ने बैठक में विभिन्न विभागों के लंबित प्रकरणों के निराकरण के लिए आवश्यक मार्गदर्शन एवं सुझाव भी दिये।श्री उइके ने बैठक में कहा कि सुप्रीम कोर्ट के आदेशानुसार ध्वनि विस्तारक यंत्रों को तय सीमा के बाहर संचालित करने पर आवश्यक कार्यवाही के निर्देश पूर्व में प्रसारित किये गए थे।इसी तारतम्य में जिले में ध्वनि विस्तारक यंत्रों,साउंड बॉक्स एवं डीजे आदि पर नियमानुसार सख्ती के साथ कार्यवाही करे।उन्होंने कहा कि ध्वनि प्रदूषण करने वाले संयंत्रों पर राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम बनाकर निरंतर निगरानी करते हुए आवश्यक कार्यवाही करे। कलेक्टर श्री उइके ने स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा करते हुए वर्तमान में संचालित योजनाओं की प्रगति एवं आयुष्मान कार्ड तथा वय वंदना कार्ड निर्माण की स्थिति की भी जानकारी ली।उन्होंने शत-प्रतिशत लोगों को स्वास्थ्य कार्ड से लाभान्वित करने आयुष्मान कार्ड बनाने विशेष शिविरों का आयोजन करने के निर्देश दिये। साथ ही 70 वर्ष से अधिक उम्र के बुजुर्गों को अतिरिक्त स्वास्थ्य सेवाओं से लाभान्वित करने वय वंदना कार्ड निर्माण के लिए भी विशेष अभियान चलाने की भी निर्देश दिये। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग सहित महिला एवं बाल विकास विभाग,शिक्षा,पंचायत विभाग एवं स्व-सहायता समूह के सदस्यों का आवश्यक समन्वय कर कार्ययोजना बनाने को कहा। इस अवसर पर जिला पंचायत के सीईओ प्रखर चन्द्राकर,अपर कलेक्टर प्रकाश राजपूत,नवीन भगत,पंकज डाहिरे,सभी एसडीएम, जनपद सीईओ सहित जिला अधिकारी मौजूद रहे। कलेक्टर श्री उइके ने बैठक में खरीफसीजन में जिले में चल रहे खेती-किसानी की जानकारी ली। उन्होंने वर्षा की स्थिति सहित समितियों में खाद बीज के भण्डारण एवं वितरण की भी जानकारी ली। इसके अलावा निजी दुकानों में खाद-बीज एवं दवाई निर्धारित मूल्य से अधिक कीमत में बेचने पर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये।उन्होंने कहा कि समितियों में पर्याप्त मात्रा में खाद-बीज की भण्डारण सुनिश्चित की जाये।साथ ही किसानों को वितरण की भी सभी व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित की जाये।कलेक्टर ने बैठक में स्कूल, आंगनबाड़ी एवं स्वास्थ्य केन्द्रों में जल जीवन मिशन के तहत नल-जल कनेक्शन प्रदाय के वर्तमान स्थिति की भी जानकारी ली।

### जिला उपाध्यक्ष पंकज ने की रायपुर मे मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मुलाकात



भारतीय जनता पार्टी के जांजगीर चाम्पा के जिला उपाध्यक्ष पंकज अग्रवाल ने मुख्यमंत्री निवास रायपुर मे प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मुलाकात की उन्होंने श्री साय को टी सी एल कालेज जांजगीर मे नए भवन कालेज के निर्माण के लिए राशि जारी करने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।

### ब्रदर इंटरनेशनल इंडिया ने भारतीय बाजार को मजबूत करने के लिए छह इंक टैंक प्रिंटर पेश किए

ब्रदर इंटरनेशनल इंडिया ने दिल्ली में आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में छह उच्च दक्षता वाले इंक टैंक प्रिंटरों की एक नई श्रृंखला लॉन्च की, जिसे घरेलू उपयोगकर्ताओं, कार्यालय पेशेवरों और छोटे व्यवसायों की उभरती मुद्रण आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। क्षमता, उपयोग में आसानी और कनेक्टिविटी पर ध्यान केंद्रित करते हुए निर्मित, यह नवीनतम लाइनअप भारतीय बाजार के लिए स्मार्ट, विश्वसनीय और लागत प्रभावी प्रिंटिंग समाधान प्रदान करने के लिए ब्रदर इंटरनेशनल इंडिया की प्रतिबद्धता को मजबूत करता है। हाल के वर्षों में, दूरस्थ शिक्षा उपकरणों की बढ़ती माँग और छोटे व्यवसायों के डिजिटलीकरण के कारण, बहुमुखी और कॉम्पैक्ट प्रिंटिंग उपकरणों की आवश्यकता अनिवार्य हो गई है। ब्रदर इंटरनेशनल इंडिया के नए इंक टैंक प्रिंटर उपयोगकर्ता-अनुकूल सुविधाओं को उच्च-गुणवत्ता वाले फीचार्ष के साथ जोड़कर, इन ज़रूरतों को पूरा करने का लक्ष्य रखते हैं जो आधुनिक जीवनशैली के लिए बिल्कुल उपयुक्त हैं।

**PUBLIC NOTICE**
**(U/S 31(1) OF THE PARTNERSHIP ACT, 1932)**

Be it known to all concerned that the partnership firm M/s SAI ASSOCIATES having its H.O. at D/20, Hospital Sector, Bhilai Dist- Durg (C.G.) Registration No. D-RAIPUR-463/2011-12 DT. 13/12/2011 is amended on 26/08/2017 and the new partner Miss Ritika Anand D/o Mr Prasanjit has joined. Mr Prasanjit Anand 40%, Mrs. Ritu Anand-30% and Miss Ritika Anand -30% shares in firm. The Above amendment is w.e.f. 01.04.2017.

**Date: 16/09/2025** **Prasanjit Anand (Partner)**

### नगर पंचायत कोपरा में किराना दुकान पर आधी रात धावा सीसीटीवी में कैद नकाबपोश चोर, मोबाइल दुकान में एक लाख समान की चोरी

**गरियाबंद।** कोपरा नगर में बीती दो रात में दो दुकानों में चोरी गरियाबंद-नगर पंचायत कोपरा में एक दीन पहले गांधी चौक क्षेत्र में बीती रात चोरों ने एक बड़ी वारदात को अंजाम दिया। पुराना पंचायत भवन के पास स्थित किराना व्यापारी दिनेश साहू की दुकान में आधी रात करीब 1 से 2 बजे के बीच चोरी हुई।नकाबपोश दो युवकों ने गल्ले से 5 हज़ार रुपए नकद और कुछ किराना सामग्री चोरी कर फरार हो गए। पूरी घटना पास लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है।फुटेज में साफ दिख रहा है कि दोनों आरोपी युवक नकाब पहने गांधी चौक की ओर से दुकान के पास आते हैं। इनमें से एक युवक काले कपड़े और जींस,जबकि दूसरा नीली जींस और हल्के हरे रंग की शर्ट पहने हुए है। दोनों की उम्र कम बताई जा रही है।चोरों ने न सिर्फ किराना दुकान में चोरी की,बल्कि पास ही स्थित गोपू बेकरी एवं किराना दुकान में भी हाथ आज़माने की कोशिश की।

**न्यायालय कार्यपालिक दंडाधिकारी बोड़ला (छ.ग.)**
रा.प्र.क्र.
ब-121 वर्ष
ग्राम-

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण ग्रामवासीगण ग्राम पोडी प.ह.नं 20 रा नि म पोड़ी तहसील बोडला को सूचित किया जाता है कि आवेदक अर्जुन पाली पिता चैतूराम जाति गड़रिया- निवासी ग्राम पो डी तहसील-बोडला द्वारा अपने पिता चैतूराम के मृत्यु दिनांक 01/11/1994 का पंजीयन करने हेतु रजिस्ट्रार जन्म/मृत्यु ग्राम पंचायत पोडी जिला-कबीरधाम (छ. ग.) को जन्म-मृत्यु रजिस्ट्रीकरण अधिनियम 1969 एवं छ.ग. जन्म-मृत्यु रजिस्ट्रीकरण नियम 2001 के नियम (3) के तहत निर्देष देने हेतु शपथ पत्र, अनुपलब्धता प्रमाण पत्र, प्रारूप कमांक-10 एवं चालान की प्रति सहित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिसके संबंध में प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है जिसकी सुनवाई दिनांक 25/8/25 को नियत किया गया है।

अत: उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति / संस्था को कोई दावा/आपत्ति पेश करना हो तो वे स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपथित होकर इस न्यायालय में नियत समय प तिथि तक दावा-आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात् प्राप्त याण/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी किया गया ।

**जारी दिनाक- 11/8/25**
**पेशी दिनांक- 25/8/25**
मुहर
**कार्यपालिक दंडाधिकारी बोड़ला जिला-कबीरधाम ( छ.ग. )**

**न्यायालय कार्यपालिक दंडाधिकारी बोड़ला (छ.ग.)**
रा.प्र.क्र.
ब-121 वर्ष
ग्राम- पोड़ी

**ईश्तहार**

एतद द्वारा सर्व साधारण ग्रामवासीगण ग्राम प.ह.नं. 20 तहसील बोड़ला को सूचित किया जाता है कि आवेदक अर्जुन पिता चैतू जाति गड़रिया निवासी ग्राम पोडी तहसील-बोडला रा.नि.म. पोडी द्वारा अपने माता चंदनबाई की मृत्यु दिनांक 4/12/2009 का पंजीयन करने हेतु रजिस्ट्रार जन्म/मृत्यु, ग्राम पंचायत पोडी जिला कबीरधाम (छ. ग) को जन्म-मृत्यु रजिस्ट्रीकरण अधिनियम 1969 एवं छ.ग. जन्म-मृत्यु रजिस्ट्रीकरण नियम 2001 के नियम 9(3) के तहत निर्देष देने हेतु शपथ पत्र, अनुपलब्धता प्रमाण पत्र, प्रारूप क्रमांक-10 एवं चालान की प्रति सहित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिसके संबंध में प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है जिसकी सुनवाई दिनांक 15/09/25 को नियत किया गया है।

अत: उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति / संस्था को कोई दावा/आपत्ति पेश करना हो तो वे स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपथित होकर इस न्यायालय में नियत समय व तिथि तक दावा-आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालयीन पदमुदा से जारी किया गया ।

**जारी दिनांक-29/08/25**
**पेशी दिनांक-15/09/25**
मुहर
**कार्यपालिक दंडाधिकारी बोड़ला जिला-कबीरधाम ( छ.ग. )**

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) कवर्धा, जिला-कबीरधाम**
**ईश्तहार**
**अ/2, वर्ष 2024-25**
**ई कोर्ट नम्बर..**
**क्रमांक /2468/अ.वि.द./**
**प्रवा - 2/2025**
**कवर्धा, दिनांक 12/09 2025**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण एवं ग्रामवासीगण गांगपुर को सूचित किया जाता है, कि पुष्पा चन्द्रवंशी पति श्री दिलीप चन्द्रवंशी निवास का पता ग्राम गांगपुर तहसील-पिपरिया जिला कबीरधाम, छत्तीसगढ़ ने अपने निजी स्वामित्व की ग्राम गांगपुर प0ह0नं-07 रा.नि.म. पिपरिया तहसील - कवर्धा स्थित भूमि खसरा नम्बर 262/3 रकबा 0.1620 हेक्टेयर भूमि को औद्योगिक प्रयोजनार्थ (गुड़ उद्योग) व्यपवर्तन किये जानें हेतु आवेदन मय दस्तावेज प्रस्तुत किया है ।

उक्त आवेदित भूमि का व्यपवर्तन किये जानें से जिस किसी व्यक्ति / संस्था को कोई दावा/आपत्ति हो तो सुनवाई तिथि 26/09/2025 को समय 05:30 बजे तक स्वत: या अपनें अभिभाषक के माध्यम से कर सकते हैं। पश्चात के दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 12/09/2025 को मेरे हस्ताक्षर व पद मुद्रा से जारी।

**जारी दिनांक 12/09/2025.**
**पेशी दिनांक 26/09/2025**
मुहर
**अनुविभागीय अधिकारी ( राजस्व ) कवर्धा जिला कबीरधाम, छत्तीसगढ़**

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) कवर्धा, जिला-कबीरधाम**
**ईश्तहार**
**अ/2, वर्ष 2024-25**
**ई कोर्ट नम्बर..**
**क्रमांक /2470/अ.वि.द./**
**प्रवा - 2/2025**
**कवर्धा, दिनांक 12/09 2025**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण एवं ग्रामवासीगण गांगपुर को सूचित किया जाता है. कि दिलीप चन्द्रवंशी पिता श्री आजूराम चन्द्रवंशी निवास का पता-ग्राम गांगपुर तहसील-पिपरिया जिला कबीरधाम, छत्तीसगढ़ ने अपने निजी स्वामित्व की ग्राम गांगपुर प0ह0नं-07 रा.नि.म. पिपरिया तहसील - कवर्धा स्थित भूमि खसरा नम्बर 262/1 रकबा 0.166 हेक्टेयर भूमि को औद्योगिक प्रयोजनार्थ (गुड़ उद्योग) व्यपवर्तन किये जानें हेतु आवेदन मय दस्तावेज प्रस्तुत किया है।

उक्त आवेदित भूमि का व्यपवर्तन किये जानें से जिस किसी व्यक्ति / संस्था को कोई दावा/आपत्ति हो तो सुनवाई तिथि 26/09/2025 को समय 05:30 बजे तक स्वत: या अपनें अभिभाषक के माध्यम से कर सकते हैं। पश्चात के दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 12/09/2025 को मेरे हस्ताक्षर व पद मुद्रा से जारी।

**जारी दिनांक 12/09/2025.**
**पेशी दिनांक 26/09/2025**
मुहर
**अनुविभागीय अधिकारी ( राजस्व ) कवर्धा जिला कबीरधाम, छत्तीसगढ़**

**कार्यालय अधीक्षण अभियंता, लोक निर्माण विभाग, दुर्ग मण्डल दुर्ग (छत्तीसगढ़)**

दुर्ग, दिनांक 08.09.2025

**ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना**
**(प्रथम आमंत्रण)**

छत्तीसगढ के राज्यपाल की ओर से ऑनलाईन निविदायें प्रपत्र "अ" में प्रतिशत दर पर दिनांक 29.09.2025 तक आमंत्रित की जाती है:-

| निविदा आमंत्रण सू.क./ सि.क्रं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (राशि लाख में) |
|---|---|---|
| 192/174980 | जिला दुर्ग के अंतर्गत ब्लाक धमधा के खिलोराकला उच्च माध्यमिक विद्यालय भवन का निर्माण कार्य विद्युतीकरण सहित। | 116.28 |
| 193/174981 | जिला दुर्ग के अंतर्गत ब्लाक धमधा के देवरी. उच्च. माध्यमिक विद्यालय भवन का निर्माण कार्य विद्युतीकरण सहित | 115.85 |
| 194/174982 | लोक निर्माण विभाग, अनुविभाग गुण्डरदेही अंतर्गत शास. आई.टी.आई. भवन सुरेगांव का मरम्मत कार्य | 41.78 |
| 195/174983 | लोक निर्माण विभाग, अनुविभाग क्रं. 01 बालोद अंतर्गत शास. आई. टी. आई. भवन डौण्डीलोहरा वर्कशॉप का मरम्मत कार्य | 20.37 |
| 196/174985 | लोक निर्माण विभाग, अनुविभाग क्र. 01 बालोद अंतर्गत जिला जेल संजारी में पाथ-वे - ड्रेन निर्माण एवं बैरक में मरम्मत कार्य | 14.43 |
| 199/174986 | जिला कबीरधाम के सिविल कोर्ट पंडरिया में 11 नग शौचालय का निर्माण कार्य | 17.64 |
| 200/174987 | उपसंभाग कवर्धा के अंतर्गत सेक्शन क्रं. 01 एवं क्रं. 02 के अंतर्गत कुल 20 मार्ग एवं स. लोहरा एवं पिपरिया सेक्शन के अंतर्गत कुल 18 मार्ग पर बी. टी. पेंच रिपेयर कार्य | 119.00 |
| 201/174988 | शास. महारानी लक्ष्मीबाई कन्या हायर सेकेण्ड्री स्कूल भवन का निर्माण कार्य विद्युतीकरण सहित | 120.69 |

टीप-
1. उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब portal एवं विभागीय वेबसाइट http://eproc.cgstate.gov.in से डाऊनलोड की जा सकती है।
3. पंजीकृत डाक द्वारा कार्यालय में भेजे जाने वाले लिफाफे के ऊपर एन.आई.टी. क्रमांक एवं कार्य का नाम अनिवार्य रूप से अंकित किया जायें।

**अधीक्षण अभियंता, लोक निर्माण विभाग, दुर्ग मण्डल दुर्ग**
**दूरभाष- 0788-2210876**

G-252603499/5

स्वामित्वधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक रोहित खड़तकर द्वारा समय दर्शन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स ग्राम छाटा, पोस्ट देवादा, तहसील पाटन, जिला दुर्ग ( छ.ग. ) 491111 से मुद्रित कर बी-4, प्रेस काम्प्लेक्स, इंदिरा मार्केट, दुर्ग छ.ग. 491001 से प्रकाशित। संपादक :- रोहित खड़तकर,
समाचार संपादक : दामोदर राव, फोन नं.-0788-4051213, मो. 9827104452, रायपुर कार्यालय:-0771-4218364, ईमेल - samay.darshan191@gmail.com पं. क्र. CHHHIN/2011/41517 डाक पंजीयन क्रमांक छ.ग./दुर्ग/61/2024-26

छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव 25 वर्षों का उत्सव वर्षों का संकल्प

# मोदी की गारंटी से संवर रहा छत्तीसगढ़

**47,000 करोड़** की लागत से
**रेल परियोजनाओं का क्रियान्वयन**

**40,000 करोड़ से अधिक** की लागत से
**राष्ट्रीय राजमार्गों का विकास**

**69 लाख से अधिक** महिलाओं के खातों में पहुंचे **₹12,376 करोड़**
**महतारी वंदन योजना**

**40 लाख से अधिक** परिवारों को स्वच्छ पेयजल
**जल जीवन मिशन**

**25.47 लाख** किसानों के खातों में पहुंचे **₹9,765 करोड़**
**पीएम किसान सम्मान निधि**

**26 लाख** परिवारों का पक्के घर का सपना साकार
**पीएम आवास योजना**

**59 हज़ार** परिवारों को मिल रहा लाभ
**पीएम जनमन योजना**

**6,691** ग्राम लाभान्वित
**धरती आबा ग्राम उत्कर्ष अभियान**





सेवा ही संकल्प,
राष्ट्र प्रथम ही प्रेरणा...

प्रदेशवासियों की ओर से
माननीय प्रधानमंत्री **श्री नरेन्द्र मोदी जी** का
**आभार** एवं **अभिनंदन...!**



**श्री विष्णु देव साय**
माननीय मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़